* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 नवंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 39

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

उत्तरकाशी टनल में फंसे सभी 41 मजदूर 17वें दिन निकाले गये




# SCIENCE POINT®

Estd. : 2008

*A Perfect Guide For Future...*

JEE (MAINS / ADVANCE) | MEDICAL | SLEET | XI | XII | VII - X (JAC, CBSE, ICSE)

FREE REGISTRATION

## PRAYAS 2024



## SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST

XIth MOVING to XIIth | IXth MOVING to Xth

TARGET : JHARKHAND TOPPER 2025 • SCHOOL TOPPER 2025
BEST RESULT IN BOARD EXAM 2025

SCHOLARSHIPS UPTO 100%

PHASE - I (3 DEC. 2023)
LAST DATE OF REGISTRATION 2 DEC. 2023

PHASE - II (7 JAN. 2024)
LAST DATE OF REGISTRATION 6 JAN. 2024

We are known for our incomparable results since 15th Years

## 12th JAC TOPPERS



| Rank | Name | College |
|---|---|---|
| 1st | Nilesh Kr. Sahu | St. John's Inter College |
| 2nd | Sonam Kumari | Ursuline Inter College |
| 10th | Sunil Kumar Keshri | Marwari College |
| 11th | Ranjan Kumar | St. Xavier's College |
| 17th | Abhishek Kumar Singh | St. Xavier's College |
| 17th | Khushi Kumari Singh | St. Xavier's College |
| 17th | Ambika Binyak | Ursuline Inter College |



## MATRIC JHARKHAND TOPPER



| Percent | Name | School | Rank |
|---|---|---|---|
| 97% (0.20) | SUDHANSU YADAV | St. Aloysius High School | 5 |
| 96% (0.40) | NISHAT ANJUM | St. Anne's School, Ranchi | 8 |
| 96% (0.20) | MEGHA GUPTA | St. Anne's School, Ranchi | 9 |
| 96% | SUDHANSU THAKUR | At. Aloysius High School | 12 |
| 96% | HARSHITA JHA | St Anne's Girls' High School | 12 |



HEAD OFFICE : 2nd FLOOR, CAPITAL PLAZA, DANGRA TOLI, RANCHI
JEE/NEET CAMPUS : 3rd FLOOR BESIDE RELIANCE, DANGRA TOLI, RANCHI
7739982786 / 9973853488 / 0651-3168343
@sciencepoint www.sciencepointranchi.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 78,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड को कब मिलेगी पलायन के कलंक से मुक्ति

## ■ हर साल लगभग 40 लाख लोग रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जा रहे हैं

## ■ तमाम सरकारी प्रयासों और योजनाओं के बावजूद कम नहीं हो रहा पलायन

## ■ उत्तराखंड टनल हादसे के बाद से और भी चिंतनीय है पलायन का सवाल

**आजाद सिपाही विशेष**

**उत्तरकाशी टनल हादसे ने पूरी दुनिया के सामने और खास कर भारत और झारखंड के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यह सवाल है मानव संसाधन के पलायन का। झारखंड में पलायन का दर्द नया नहीं है। पहले अविभाजित बिहार और 23 साल पहले बना झारखंड यदि देश-दुनिया में जाना जाता है, तो सिर्फ खनिज संपदा के कारण ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, मानव तस्करी और पलायन के लिए भी वह चर्चित है। झारखंड में पलायन कितनी गंभीर समस्या बन चुका है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उत्तरकाशी टनल में फंसे 15 मजदूर केवल 25 हजार प्रति माह के वेतन की लालच में वहां काम करने गये थे। इसके अलावा झारखंड से हर साल करीब 40 लाख लोग केवल रोजी-रोजगार की तलाश में देश के विभिन्न हिस्सों में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पलायन करते हैं। इसके अलावा झारखंड के माथे पर मानव तस्करी भी एक कलंक है। इसमें फर्जी प्लेसमेंट एजेंटों द्वारा राज्य की महिलाओं और बच्चों को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और दूसरे महानगरों में नौकरी दिलाने के नाम पर ले जाकर बेच दिया जाता है, जहां उनका शारीरिक और मानसिक शोषण होता है। सबसे दुखद बात यह है कि सरकार की तमाम नीतियां, कानून और योजनाएं भी इस समस्या का हल नहीं निकाल पा रही हैं। वास्तव में झारखंड में पलायन और मानव तस्करी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पलायन और मानव तस्करी विकास से जुड़े कई विरोधाभासी मुद्दों में से एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके मूल में है गरीबी, जहां भूख से लोग मरने के कगार पर आ जायें, तो कानून का होना और न होना उनके लिए कोई मायने नहीं रखता है। सरकार हालांकि पलायन और मानव तस्करी रोकने के दावे करती है, लेकिन अगर सरकार काम मुहैया कराती है, तभी वे लोग अपने राज्य में रहेंगे, अन्यथा उनका पलायन बदस्तूर जारी रहेगा। क्या है झारखंड से पलायन की हकीकत और क्या हो सकता है इसका निदान, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डा, जहां से दुनिया के हर कोने के लिए विमान सेवा उपलब्ध है। यहां अहले सुबह मुलाकात होती है विकास सिंह से। वह कैब सेवा देनेवाली कंपनी में चलनेवाली गाड़ी का ड्राइवर है। थाणे में रहता है। बातचीत में कहता है, झारखंड से हैं। आगे पूछने पर कहता है, हजारीबाग, फिर बरही और अंत में बरकट्ठा। यह पूछने पर कि वह मुंबई कैसे पहुंच गया। विकास कहता है, गांव में क्या करता। हाइस्कूल पास करने के बाद कहीं कोई काम नहीं मिला। हजारीबाग और रांची में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम किया। फिर ढाई साल पहले मुंबई आ गया। यहां विकास के गांव, यानी बरकट्ठा इलाके के एक हजार से अधिक लोग इसी तरह छोटा-मोटा काम कर पेट पाल रहे हैं। विकास कहता है, झारखंड में ढंग का काम मिल जाता, तो हर दिन महज तीन-चार सौ रुपये बचाने के लिए इतनी दूर क्यों आता।

विकास की कहानी सुनने के बाद सहसा याद आता है लोकप्रिय वेब सीरीज 'खाकी: द बिहार चैप्टर' का ओपनिंग सीन, जब आइपीएस बनने के बाद अमित लोढ़ा अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ ट्रेन में सफर करते हुए एक सहयात्री से कहते हैं, जयपुर के रहनेवाले हैं। बिहार में जॉब मिली है, सो जा रहा हूं। तब वह बुजुर्ग सहयात्री कहता है, बिहार में कहां जॉब है। बिहार के लोग तो रोजगार के लिए बाहर जाते हैं। आपको बिहार में कौन सा जॉब मिला है। उस बुजुर्ग यात्री की टिप्पणी बिहार-झारखंड की उस समस्या को रेखांकित करती है, जिसे दुनिया पलायन और मानव तस्करी के नाम से जानती है।

ऊपर वर्णित इन दोनों कहानियों का निष्कर्ष एक ही है। प्राकृतिक संपदा से भरपूर झारखंड सांस्कृतिक मामले में बड़ा विशिष्ट है। भाषा और लोगों के रहन-सहन के आधार पर इसकी एक अलग पहचान पूरे विश्व में है। यह स्वयं में अपना एक स्वर्णिम अतीत समेटे हुए है। लेकिन विडंबना यह है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी यहां के लोगों की न तो दशा बदली और न दिशा। इतना देखने को अवश्य मिला कि यहां के लोग जंगल और जमीन से दूर होने पर मजबूर कर दिये गये। इससे यहां के लोगों की जीवन शैली में परिवर्तन आ गया।



रोजगार के लिए आदिवासी और अन्य समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। जल, जंगल और जमीन के लिए लंबे संघर्ष के बाद 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग होकर एक आदिवासी बहुल राज्य झारखंड बना था। इसका लाभ यह हुआ कि पिछले 23 वर्षों में इस राज्य की कमान पांच बार आदिवासी नेताओं के हाथ में रही। 28 एसटी विधानसभा सीटों के बावजूद इस राज्य में रह रहे आदिवासी तंगहाली में ही जी रहे हैं तथा पलायन को मजबूर हैं। करमा, सोहराय आदि जैसे त्योहार के दौरान इनकी कला और संस्कृति मनमोहक आकर्षक छटा बिखेरती है, लेकिन विकास की दौड़ में आज ये लोग पीछे छूट गये हैं। चिंता का विषय यह है कि झारखंड में आदिवासी समुदाय की संख्या घट रही है। 1951 में जब झारखंड नहीं बना था, तब इसकी जनसंख्या 36.02 फीसदी थी, लेकिन राज्य झारखंड बनने के बाद 2011 में इनकी जनसंख्या 26.02 फीसदी हो गयी। इसका मुख्य कारण पलायन और मानव तस्करी है।

यह हकीकत है कि आदिवासियों का इस्तेमाल सिर्फ वोट बैंक के रूप में होता रहा है। जब कभी भी रोजगार की बात होती है, तो इस समाज को मजदूर के रूप में ही देखा जाता है। आजीविका के सिमटते साधन की वजह से झारखंड वासियों के युवाओं को अपने गांव से पलायन करना पड़ रहा है। लाखों की संख्या में आदिवासी युवक-युवती अपनी पेट की आग बुझाने के लिए राज्य के बाहर जाने के लिए बाध्य हैं। झारखंड में पलायन और मानव तस्करी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पलायन और मानव तस्करी विकास से जुड़े कई विरोधाभासी मुद्दों में से एक महत्वपूर्ण और गंभीर मुद्दा है। झारखंड में दलित और आदिवासी आबादी की 35 प्रतिशत जनसंख्या पलायन को मजबूर है। इनमें 55 प्रतिशत महिलाएं, 30 प्रतिशत पुरुष और 15 प्रतिशत बच्चे शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा दिहाड़ी मजदूर और शेष फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी और दलालों के द्वारा राज्य से बाहर ले जाये जा रहे हैं। झारखंड में मजदूर सस्ती दरों पर उपलब्ध होने के कारण मजदूरों का पलायन खाड़ी देशों में भी लगातार हो रहा है। देश के भीतर भी सर्वाधिक पलायन झारखंड से होता है।

एक गैर-सरकारी संस्था ने कुछ दिन पहले एक रिपोर्ट जारी की थी। उसमें कहा गया था कि झारखंड से हर साल करीब 40 लाख लोग देश-विदेश में रोजी-रोटी की तलाश में जाते हैं। इनके लौटने की संख्या पांच लाख भी नहीं होती। इतना ही नहीं, हर साल करीब 12 सौ झारखंडी विभिन्न हादसों के शिकार होते हैं और इसके बदले में उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलता है। इतना ही नहीं, वर्ष 2019 से लेकर 2022 के अंत तक मानव तस्करी के कुल 656 केस दर्ज किये गये हैं। इनमें मानव तस्करी के शिकार की संख्या 1574 थी। 18 वर्ष से कम उम्र के मानव तस्करी के शिकार युवकों की संख्या 332 और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की संख्या 117, 18 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों की संख्या 309 थी। गत वर्ष राज्य में सबसे अधिक मानव तस्करी के केस गुमला, सिमडेगा, खूंटी, साहिबगंज और रांची में दर्ज किये गये हैं। इन पांच वर्षों में सबसे अधिक 212 लोग सिमडेगा से मानव तस्करी के शिकार हुए हैं। पलायन का दूसरा रूप उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना भी है। प्रतिभाओं का यह पलायन भी झारखंड के लिए खतरे की घंटी है।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के सहयोग से हुए इस अध्ययन में यह बात भी सामने आयी है कि बदलती हुई कृषि पद्धतियों ने भी संकटपूर्ण प्रवासन को बढ़ा दिया है। झारखंड के किसान एक फसली कृषि पर गुजर-बसर करते हैं। वर्ष के छह माह किसान परिवारों के पास नगद आमदनी के लिए काम नहीं रहता है। यह समस्या पलायन को बल प्रदान करती है। महिलाएं बिना किसी सुरक्षा उपाय के मजदूरी के बारे में बिना किसी सटीक पड़ताल और जानकारी के दलालों के साथ अकेले प्रवास करती हैं और तस्करी और शोषण के मध्य पिस जाती हैं। आमतौर पर मजदूरों का पलायन धनरोपनी के बाद होता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से सुखाड़ की आशंका ने पहले ही उन्हें गांव घर छोड़ने के लिए विवश कर दिया है।

पलायन और मानव तस्करी दीमक की तरह झारखंड को खोखला कर रही है। यह राज्य और केंद्र सरकार दोनों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। झारखंड के किसी भी राजनीतिक दल के लिए यह समस्या प्राथमिकता सूची में नहीं आयी है। उम्मीद है कि अब इस कलंक से मुक्ति पाने की दिशा में ध्यान दिया जायेगा।

---

# रैट माइनर्स : हमें डर नहीं लगता, कहकर घुसे...

## टीम ने 21 घंटे खोदा और 418 घंटे का रेस्क्यू हुआ खत्म

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** 'मुझे टनल में जाने से डर नहीं लगता। यहां तो 800 मिमी का पाइप है, हम लोग तो 600 मिमी के पाइप में घुसकर भी रैट माइनिंग कर लेते हैं। ये तो रोज का काम है।' यूपी के झांसी के रहने वाले परसादी लोधी ये सब मुस्कुराते हुए बताते हैं। परसादी का ये कंफिडेंस सही साबित हुआ। क्योंकि सिर्फ 21 घंटे में हाथों से उनकी टीम ने करीब 12 से 13 मीटर खोद दिया। अब उत्तराखंड के सिल्क्यारा-डंडालगांव टनल में 17 दिनों से फंसे मजदूर बस बाहर आने वाले थे। मजदूरों और रेस्क्यू टीम के बीच 60 मीटर की दूरी थी। 21 नवंबर को अमेरिकी ऑगर मशीन से ड्रिलिंग शुरू हुई, लेकिन 25 नवंबर की सुबह करीब 47 मीटर पर मशीन जवाब दे गयी। आगे की खुदाई रैट माइनर्स को जिम्मेदारी दी गयी। इसके लिए रैट माइनर्स की टीम सिल्क्यारा बुलायी गयी। ये टीम रेस्क्यू ऑपरेशन की असली हीरो साबित हुई। क्योंकि वर्टिकल ड्रिलिंग न सिर्फ खतरनाक थी बल्कि धीमी भी मानी जा रही थी। रैट माइनर्स ने अपना जलवा दिखा दिया। आखिरकार रैट माइनर्स को सफलता मिल गयी। मजदूर बाहर आ गये।





### रैट होल माइनिंग क्या है?

रैट का मतलब है चूहा, होल का मतलब है छेद और माइनिंग मतलब खुदाई। साफ है कि छेद में घुसकर चूहे की तरह खुदाई करना। इसमें पतले से छेद से पहाड़ के किनारे से खुदाई शुरू की जाती है और पोल बनाकर धीरे-धीरे छोटी हैंड ड्रिलिंग मशीन से ड्रिल किया जाता है। हाथ से ही मलबे को बाहर निकाला जाता है। रैट होल माइनिंग नाम की प्रोसेस का इस्तेमाल आम तौर पर कोयले की माइनिंग में होता रहा है। झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर पूर्व में रैट होल माइनिंग होती है, लेकिन रैट होल माइनिंग काफी खतरनाक काम है, इसलिए इसे कई बार बैन भी किया जा चुका है।

### टनल में जाने से पहले क्या कहा रैट माइनर्स ने

परसादी लोधी को रैट माइनिंग का 10-12 साल का अनुभव है। हालांकि, फंसे मजदूरों को निकालने का काम वे पहली बार किया। उन्होंने कहा कि मैं 10-12 साल से रैट होल माइनिंग का काम कर रहा हूं। दिल्ली और अहमदाबाद में काम करता हूं। टनल में फंसे लोगों को निकालने का काम पहली बार करूंगा। मुझे डर नहीं, ये तो रोज का काम है। परसादी लोधी 28 नवंबर की सुबह टनल में अंदर घुसने के पहले जब हमें ये सब बता रहे थे तब काफी आश्वस्त नजर आ रहे थे। परसादी बताते हैं कि हम हिलटी नाम की हैंड ड्रिलर मशीन लाये हैं। 800 मिमी के पाइप में अंदर घुसकर पहले हम हैंड ड्रिलर से ड्रिल कर रहे हैं, फिर मलबे को बाहर निकाल रहे हैं। ये काम करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। उम्मीद है कि पूरी प्रोसेस तेजी से होगी। दूसरे रैट माइनर्स राकेश राजपूत थे। वह झांसी के रहने वाले हैं। राकेश राजपूत का काम मलबा निकालने का है। राकेश को भी रैट माइनिंग का 12 साल का अनुभव है। राकेश राजपूत ट्रेंचलैस कंपनी में पाइप पुशिंग का काम करते हैं। राकेश का काम मलबा निकालने का है। उन्होंने गैंती-फावड़ा से मलबा इकट्ठा किया और उसे ट्रॉली पर चढ़ाया। फिर ट्रॉली को खींचकर बाहर निकाला गया। राकेश कहते हैं कि हमारी कोशिश है कि हमारे जरिए ये मजदूर निकल जायें। ये मिशन पूरा हो जाये। आखिर वो भी हमारी तरह ही मजदूर हैं। इस काम को करने में हम बिल्कुल देरी नहीं लगाना चाहते। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो शुरुआत करने से लेकर 18 घंटे लगेंगे। यूपी के झांसी के ही रहने वाले भूपेंद्र राजपूत भी टनल में खुदाई करते हैं। वे कहते हैं कि मैं दो तीन साल से ये काम कर रहा हूं।

---

## रैट होल माइनिंग विवादित और गैर-कानूनी, लेकिन मजदूरों के लिए बनी वरदान

# मैनुअली सुरंग में बना दिया रास्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** उत्तरकाशी की निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में 17 दिन से फंसे 41 श्रमिकों के लिए मंगलवार का दिन अहम साबित हुआ। बचाव अभियान में लगी टीम को आज सफलता मिल गयी है। फंसे मजदूरों को निकालने के लिए रैट माइनिंग पद्धति द्वारा सुरंग के अंदर मैन्युअल ड्रिलिंग की गयी। रैट माइनर्स द्वारा यह ड्रिलिंग 57 मीटर तक की गयी।

दरअसल, 12 नवंबर 2023 की अल सुबह 05.30 बजे सिलक्यारा से बड़कोट के बीच बन रही निमार्णाधीन सुरंग में धंसाव हो गया। सुरंग के सिल्क्यारा हिस्से में 60 मीटर की दूरी में मलबा गिरने के कारण यह घटना हुई। 41 श्रमिक सुरंग के अंदर सिलक्यारा पोर्टल से 260 मीटर से 265 मीटर अंदर रिप्रोफाइलिंग का काम कर रहे थे, तभी सिलक्यारा पोर्टल से 205 मीटर से 260 मीटर की दूरी पर मिट्टी का धंसाव हुआ और सभी 41 श्रमिक अंदर फंस गये। घटना की सूचना तुरंत राज्य और केंद्र सरकार की सभी संबंधित एजेंसियों को दी गयी। उपलब्ध पाइपों के जरिए सुरंग में फंसे हुए श्रमिकों को ऑक्सीजन, पानी, बिजली, पैक भोजन की आपूर्ति के साथ बचाव कार्य शुरू किया गया। फंसे हुए श्रमिकों से वॉकी-टॉकी के माध्यम से भी संचार स्थापित किया गया है। श्रमिकों को शीघ्र बचाव के लिए कई बीते 16 दिनों में कई उपाय किये गये हैं। कई तरह की तकनीकों का इस्तामल किया गया। इन सभी तकनीकों मं बाधायें आयीं। अंत में रैट माइनिंग की काम आयी। हालांकि रैट माइनिंग विवादित और गैर-कानूनी, लेकिन सुरंग में फंसे मजदूरों के लिए वरदान बनी।



### सिलक्यारा में रैट माइनर्स कैसे काम किये

सिलक्यारा बचाव अभियान में लगातार विफल होते विकल्पों के बीच सोमवार को छह सदस्यीय रैट माइनर्स की टीम को तैनात किया गया। ऑगर मशीन के फेल होने के बाद हाथ से खोदाई कराने का फैसला किया गया। श्रमिकों की कुशल टीम रैट होल माइनिंग पद्धति का इस्तेमाल करके हाथ से मलबा हटाने का काम किया। एक विशेषज्ञ ने बताया कि एक आदमी खुदाई करता है, दूसरा मलबा इकट्ठा करता है और तीसरा उसे बाहर निकालने के लिए ट्रॉली पर रखता है। विशेषज्ञ मैन्युअली मलबे को हटाने के लिए 800 मिमी पाइप के अंदर काम कर रहे हैं। कहा गया कि इस दौरान एक फावड़ा और अन्य विशेष उपकरण का उपयोग किया जा रहा है। ऑक्सीजन के लिए एक ब्लोअर भी लगा है। इस प्रकार की ड्रिलिंग काफी मेहनत वाला काम है और खुदाई करने वालों को बारी-बारी से खुदाई करनी पड़ती है। हालांकि, ये खनिक ऐसे कामों के लिए कुशल हैं।

### यह पद्धति विवादित है

रैट-होल माइनिंग एक ऐसी पद्धति है जिसमें कुछ खनिक कोयला निकालने के लिए संकरे बिलों में जाते हैं। हालांकि, यह पद्धति विवादित और गैर-कानूनी भी है। दरअसल, यह प्रथा पूर्वोत्तर के राज्य मेघालय में प्रचलित थी। खनिक गड्ढे खोदकर चार फीट चौड़ाई वाले उन संकरे गड्ढों में उतरते थे जो, जहां केवल एक व्यक्ति की जगह होती है। वे बांस की सीढ़ियों और रस्सियों का इस्तेमाल करके नीचे उतरते थे, फिर गैंती, फावड़े और टोकरियों आदि का उपयोग करके मैन्युअल रूप से कोयला निकालते थे।

### विवादित क्यों है यह पद्धति?

इस तरीके से होने वाली खुदाई से सुरक्षा खतरे उत्पन्न हो गये। ऐसा इसलिए क्योंकि खनिक सुरक्षा उपाय किये बिना गड्ढे में उतर जाते थे और कई बार हादसों का शिकार हो जाते थे। ऐसे कई मामले भी आये जहां बरसात में रैट होल माइनिंग के कारण खनन क्षेत्रों में पानी भर गया, जिसके चलते श्रमिकों की जानें गयीं। यही कारण है कि साल 2014 में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने मेघालय में इस पद्धति से होने वाली खुदाई पर पाबंदी लगा दिया।

29 नवंबर, 2023
मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 39

वर्ल्ड मीडिया में उत्तरकाशी रेस्क्यू : सभी ने की कामयाबी की सराहना








KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharm
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177


# आयी मंगल घड़ी, निकले सभी मजदूर

- झारखंड के 15 मजदूर भी सुरक्षित
- टनल में 17 दिन से 41 मजदूर फंसे थे
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा : भावुक करनेवाला पल
- सीएम हेमंत ने कहा : वीरता-साहस को सलाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**उत्तरकाशी।** आखिरकार 17 दिन तक चले बचाव अभियान के बाद मंगलवार को वह 'मंगलघड़ी' आयी जिसका ना सिर्फ मजदूरों के परिवारों बल्कि पूरे देश को इंतजार था। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने का अभियान मंगलवार देर रात पूरा हो गया। टनल के अंदर से 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। टनल से मजदूर के निकलते ही एंबुलेंस से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाहर निकाले गए श्रमिकों से बात की। उनके साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह भी थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजदूरों को सुरक्षित सकपशल निकाले जाने पर खुशी जाहिर की और उन्होंने बधाई व शुभकामनाएं दी। 400 से अधिक घंटे तक देसी-विदेशी मशीनों और एक्सपर्ट ने मुश्किलों और चुनौतियों से भरे मिशन में हर बाधा को पार करते हुए मजदूरों को धीरे-धीरे बाहर निकाला गया। मलबे में 800 एमएम की पाइप डालकर एक स्केप टनल बनाया गया जिसके जरिए मजदूरों को बाहर निकाला गया। टनल के भीतर और बाहर 41 एंबुलेंस तैनात किये गये थे। मजदूरों को बाहर निकालने के बाद सीधे अस्पताल ले जाया गया। हेल्थ चेकअप और आवश्यक इलाज के बाद ही उन्हें घर भेजा जायेगा।



## रैट माइनर्स का अहम योगदान

सुरंग में सिलक्यारा छोर पर करीब 60 मीटर तक मलबे में सुराख किया गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत कई एजेंसियों ने एक साथ मिलकर दिन रात काम किया। करीब 50 मीटर की ड्रिलिंग ऑगर मशीन से की गयी थी। इसके बाद मैनुअल ड्रिलिंग के जरिए खुदाई की गयी। इस में रैट माइनर्स का अहम योगदान रहा। रैट माइनर्स ने बेहद मुश्किल परिस्थिति में काफी तेजी से काम किया और उस काम को कर दिखाया जिसमें मशीन भी फेल हो गयी।

## दिवाली की सुबह हुआ था हादसा 17 दिन बाद खुली हवा में ली सांस

उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चारधाम सड़क परियोजना (ऑलवेदर रोड) के लिए निमार्णाधीन सुरंग में रविवार को यह हादसा हुआ था। यमुनोत्री हाइवे पर धरासू से बड़कोट कस्बे के बीच सिलक्यारा से पौल गांव तक 4.5 किलोमीटर टनल निर्माण चल रहा है। दिवाली के दिन तड़के चार बजे शिफ्ट चेंजिंग के दौरान सुरंग के मुहाने से करीब 150 मीटर अंदर टनल का 60 मीटर हिस्सा टूट गया और सभी मजदूर अंदर फंस गये। हादसे के वक्त टनल के मुहाने के पास मौजूद प्लंबर उपेंद्र के सामने यह हादसा हुआ था। काम के लिए अंदर जा रहे उपेंद्र ने जब मलबा गिरते हुए देखा तो बाहर भागकर उसने शोर मचाया। इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गयी।

## पाइपलाइन थी लाइफलाइन

सुरंग से पानी निकासी के लिए लगायी गयी एक पौने चार इंच की पाइप लाइफलाइन साबित हुई। हादसे के बाद इसी पाइप के जरिए मजदूरों को ऑक्सीजन, पानी और खाने के लिए कुछ हल्के-फुल्के सामान भेजे गये। इसी पाइप के जरिए उन्हें जरूरी दवाएं भी दी गयीं। हादसे के बाद 10वें दिन एक छह इंच की पाइप मजदूरों तक पहुंचाने में सफलता मिली, जिसके बाद उन्हें गरम खाना दिया जाने लगा। इसी पाइप के जरिए अंदर कैमरा भेजा गया और पहली बार अंदर का दृश्य दिखा।

## किस राज्य के कितने मजदूर

| | |
|---|---|
| झारखंड- 15 | पश्चिम बंगाल-3 |
| उत्तर प्रदेश- 8 | उत्तराखंड-2 |
| ओड़िशा-5 | असम-2 |
| बिहार-5 | हिमाचल प्रदेश -1 |

## पीएम मोदी ने ट्वीट करके खुशी जतायी



उत्तरकाशी में हमारे श्रमिक भाइयों के रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता हर किसी को भावुक कर देने वाली है। टनल में जो साथी फंसे हुए थे, उनसे मैं कहना चाहता हूं कि आपका साहस और धैर्य हर किसी को प्रेरित कर रहा है। मैं आप सभी की कुशलता और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। यह अत्यंत संतोष की बात है कि लंबे इंतजार के बाद अब हमारे ये साथी अपने प्रियजनों से मिलेंगे। इन सभी के परिजनों ने भी इस चुनौतीपूर्ण समय में जिस संयम और साहस का परिचय दिया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए वो कम है। में इस बचाव अभियान से जुड़े सभी लोगों के जज्बे को भी सलाम करता हूं। उनकी बहादुरी और संकल्प-शक्ति ने हमारे श्रमिक भाइयों को नया जीवन दिया है। इस मिशन में शामिल हर किसी ने मानवता और टीम वर्क की एक अद्भुत मिसाल कायम की है।

## हेमंत ने कहा : आपके परिवार की आज दिवाली



सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा कि हमारे 41 वीर श्रमिक उत्तराखंड में सुरंग की अनिश्चितता, अंधकार और कपकाती ठंड को मात देकर आज 17 दिनों के बाद जंग जीतकर बाहर आये हैं। आप सभी की वीरता और साहस को सलाम। जिस दिन यह हादसा हुआ उस दिन दीपावली थी, मगर आपके परिवार के लिए आज दीपावली हुई है। आपके परिवार और समस्त देशवासियों के तटस्थ विश्वास और प्रार्थना को भी मैं नमन करता हूं। इस ऐतिहासिक और साहसिक मुहिम को अंजाम देने में लगी सभी टीमों को हार्दिक धन्यवाद। देश के निर्माण में किसी भी श्रमिक की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रकृति और समय का पहिया बार-बार बता रहा है कि हमारी नियत और नीति में श्रमिक सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण भूमिका में रहे।

### लोहरदगा में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

# यह आदिवासी-मूलवासी की सरकार: हेमंत

- 133 करोड़ रुपये की 21 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया
- 80,208 लाभुकों के बीच 132 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति बांटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान का यह तीसरा चरण है। अभियान में शामिल होने के लिए आज लोहरदगा आया हूं। राज्यवासियों के द्वार तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का यह लगातार तीसरा साल है। यह आदिवासी-मूलवासी की सरकार है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। अब तीसरे चरण के कार्यक्रम के तहत पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित हो रहें हैं। जहां पदाधिकारी नहीं जाते थे, आज वे योजनाएं लेकर आपके बीच आ रहें हैं। ताकि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक को उनका अधिकार और योजनाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री मंगलवार को लोहरदगा के चीरी, कुडू में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में अतिथि बोल रहे थे।

**झारखंड की जड़ों को मजबूत करना है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके गांव, पंचायत में हमने पदाधिकारियों को योजनाओं की गठरी बांधकर भेजने का काम किया है। पूर्व की सरकारों ने कभी गांव, गरीब, किसान सहित आम जनता की सुध लेने का काम नहीं किया। यही कारण है कि लाखों आवेदन शिविरों में आये। पूर्व की सरकार कभी पदाधिकारियों को गांव, पंचायत में भेजने का काम नहीं करती थी। हमने यह सब बदला। आज लाखों जरूरतमंद लोगों को अधिकार मिल रहा है। पदाधिकारी आमजन की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए है। हमें यहां की जड़ों को मजबूत करना है। जड़ यहां के किसान, श्रमिक, नौजवान हैं।

**पांच वर्ष के दिव्यांग को भी पेंशन मिलेगा:** हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार अब पांच वर्ष उम्र के दिव्यांग को भी पेंशन देगी। मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्राम गाड़ी योजना शुरू कर रही है, जिसमें वृद्ध, आंदोलनकारी समेत अन्य को निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी।

**मिलेगा वन पट्टा, खेल और खिलाड़ियों को मिल रहा बढ़ावा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों पर निर्भर रहने वालों को वन पट्टा देने हेतु अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान चलाया जा रहा है। ताकि, अहर्ता प्राप्त लोगों को वन पट्टा दिया जा सके। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने 133 करोड़ रुपये की 21 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही 80,208 लाभुकों के बीच 132 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति बांटी। इस मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम से इडी ने की पूछताछ

- अवैध खनन मामले में भेजा था समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज एसपी नौशाद आलम मंगलवार को रांची के हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंचे। उन पर अवैध खनन के गवाह विजय हांसदा को भड़काने का आरोप है। इडी अधिकारियों ने उनसे लंबी पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक उनसे विजय हांसदा को किसके कहने पर डड़काया। अवैध खनन के बारे में उनके पास क्या जानकारी है। समेत इस मामले से जुड़े कई सवाल पूछे गये। नौशाद ने कुछ सवालों का साफ-साफ जवाब दिया, जबकि कुछ सवालों को टाल गये।

गौरतलब है कि नौशाद आलम पर इडी के गवाह विजय हांसदा पर दबाव बनाने का आरोप है। इडी ने 10 नवंबर को समन जारी कर 22 नवंबर को तलब किया था। उस दिन नौशाद आलम उपस्थित नहीं हुए और इडी को पत्र भेज कर वक्त मांगा था। उन्होंने इडी से दूसरी तारीख देने की मांग की थी। इस बीच उन्होंने मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय से सुझाव भी मांगा था। इडी ने दोबारा समन जारी कर 28 नवंबर को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। वह मंगलवार की सुबह इडी कार्यालय पहुंचे। नौशाद आलम पर अवैध खनन मामले में इडी के गवाह विजय हंसादा पर दबाव बनाने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक जिस प्रकार जेल में बंद कारोबारी अमित अग्रवाल ने अधिवक्ता राजीव कुमार को फंसाने की साजिश रची थी, उसी प्रकार नौशाद आलम ने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को फंसाने के लिए इडी के गवाह रहे विजय हांसदा की मदद की थी। साथ ही उन पर पंकज मिश्रा बनाम विजय हांसदा मामले में उसे दिल्ली आने-जाने के लिए टिकट की व्यवस्था कराने का भी आरोप है। हालांकि पुलिस का कहना है कि विजय हांसदा ट्रेन से दिल्ली गये थे। इडी ने जांच के दौरान पाया था कि विजय हांसदा को सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले में अपना पक्ष रखने के लिए दिल्ली जाना था। सूत्रों के मुताबिक नौशाद आलम अपने साथ कुछ कागजात भी लेकर अये थे, जो इडी अधिकारियों को दिखाया। हालांकि ये कागजात क्या थे, इसकी पुष्टि फिलहाल नहीं हो पायी है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक ये नौशाद आलम की अपनी संपत्ति से संबधित कागजात थे।

# जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा में देश सेवा सर्वोपरि : बाबूलाल

### प्रदेश भाजपा ने पंचायत समिति सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को गिरिडीह में जिला के पंचायत समिति सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन इस मौके पर उन्होंने पार्टी के इतिहास विकास, संकल्प,प्रतिबद्धता जैसे आयामों पर विस्तार से चर्चा की। बाबूलाल ने कहा कि भारत को इसके प्राचीन संस्कृति, गौरवशाली अतीत को फिर प्रतिस्थापित कर देश को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करने के साथ जनसंघ और फिर भाजपा की स्थापना हुई। जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा में पार्टी की राजनीति के केंद्र में राष्ट्र सेवा सर्वोपरी है। भाजपा की पंच निष्ठाओं में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, लोकतंत्र,गांधीवादी समाजवाद,सर्व धर्म समभाव और मूल्य आधारित राजनीति समाहित है। एकात्म मानव दर्शन के साथ हमारा संकल्प अंत्योदय है। विश्व बंधुत्व के भाव से भारत विश्व के कल्याण के लिए समर्पित है। बाबूलाल ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। हमने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। स्वतंत्र भारत में राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा केलिए पहला बलिदान पार्टी के प्रेरणा पुरुष और जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का हुआ। दो विधान, दो निशान ,दो प्रधान के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए डॉ मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में अपनी गिरफ्तारी दी जहां जेल में एक षड्यंत्र के तहत उनकी हत्या कर दी गयी। उन्होंने कहा कि भले ही उस वक्त हमारा जनाधार बड़ा नहीं था, लेकिन हमारा संकल्प भारत की जन भावनाओं के अनुरूप था। राष्ट्र सेवा के प्रति हमारी वैचारिक प्रतिबद्धता मजबूत थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा देश पर थोपे गये आपातकाल में जनसंघ ने लोकतंत्र की रक्षा केलिए अपनी पहचान तक मिटा दी। तुष्टिकरण की राजनीति ने देश का बड़ा नुकसान किया है। देश का विभाजन भी कांग्रेस की तुष्टिकरण का ही परिणाम था।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने अपने मौलिक चिंतन में तुष्टिकरण नहीं बल्कि सर्व पंथ समभाव को अपनाया है। आज भी भाजपा की चाहे केंद्र की सरकार हो या राज्य की योजनाओं के क्रियान्वयन में धर्म पंथ के आधार पर कोई भेद भाव नहीं किये जा रहे। आज भाजपा अपने सैद्धांतिक प्रतिबद्धताओं के आधार साथ आगे बढ़ते हुए विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बनी है। भाजपा ने परिवारवाद,वंशवाद की धार को कमजोर किया है। भाजपा सर्व स्पर्शी,सर्व समावेशी और सर्वव्यापी संगठन है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सिरमौर बन रहा। गांव गरीब किसान आदिवासी दलित पिछड़े सभी समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे। भारत का सांस्कृतिक गौरव पुनः स्थापित हो रहा। आज सशक्त भाजपा ,सशक्त भारत की पहचान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारतीय विचारों को आगे बढ़ाते हुए आत्म निर्भर भारत, मजबूत भारत और विकसित भारत का संकल्प साकार होगा।




## सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर स्थित के पिपचो चौक के समीप मंगलवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जयनगर के आल्हो निवासी कपिल देव यादव उम्र 30 वर्ष पिता दुखन महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कपिल देव यादव अपनी मोटरसाइकिल से बाजार की तरफ जा रहा था। इसी दौरान एक बोलेरो वाहन से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## निजी खर्च से बनवाया चापानल



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नईटांड पंचायत समिति सदस्य सहाना परवीन, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष इरशाद आलम ने ग्राम रघुनियाडीह कब्रिस्तान शेड के पास एक माह से खराब चापाकल को निजी खर्च से बनाया। ग्रामीणों ने दोनों पति-पत्नी को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में इम्तियाज खान, साजन खान, सकुर अंसारी, शराफत अंसारी, असगर अंसारी सहित कई लोगों ने बधाई दिया।

## रिम्स में इलाजरत मरीजों से मिले विधायक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधान सभा विधायक अमित कुमार यादव रिम्स रांची पहुंचकर अस्पताल में भर्ती परसाबाद भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी का अस्वस्थ होने की सूचना पाकर उनका कुशल क्षेम जानने रिम्स पहुंचे और हाल चाल जाना। इनका अचानक तबियत खराब होने के कारण आज इन्हे रिम्स में भर्ती कराया है। वहीं बंडासिंघा के इलाजरत बहादुर साव से विधायक ने मुलाकात की और उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही उनके यथाशीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की। तत्पश्चात विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने डॉ सीबी सहाय से बात कर दोनों मरीज का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संभावित कोडरमा आगमन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी तैयारी के लिए सभी लोगों को विभिन्न कार्यों का दायित्व दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का चूक न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा अपने-अपने परिसंपत्तियों का वितरण इस दिन मुख्यमंत्री से करायें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित योजना जैसे मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन, हरा राशन कार्ड, बिरसा हरित ग्राम जैसे अन्य योजनाएं से आच्छादित करायें। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, डीआरडीए निदेशक गोरांग महतो, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक समेत कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिये। जनता दरबार में जमीन विवाद, राशन वितरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा में प्रतिनियुक्ति करवाने, छात्रवृत्ति समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदया ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिये।

## कांग्रेसियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू के नेतृत्व में कोडरमा के कांग्रेस जनों का एक प्रतिनिधिमंडल ने उपयुक्त मेघा भारद्वाज से मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में भेंटकर डोमचांच सहित जिले के विभिन्न जन समस्याओं के निदान पर ध्यान आकृष्ट कराया। सहाय ने समाहरणालय प्रसार में लगे वृहद रोजगार मेला के लिए उपाय सहित जिले के पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पुजारी किये जाने वाले प्रमाण पत्र में खतियान सहित अन्य जटिलताओं को दूर करने का निवेदन किया। मौके पर डोमचांच 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष अनंत कुमार मेहता ने 6 सूत्री मांग पत्र के माध्यम से जाति, आवासीय, आय सहित अन्य प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अंचल अधिकारी डोमचांच द्वारा जांच प्रक्रिया को सुगम करने का मांग किया गया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से कांग्रेस के लक्ष्मण यादव, बाल गोविंद पांडे, संजय कुमार उपस्थित रहे।

# अडाणी इंटरप्राइजेज को शिक्षा के क्षेत्र में मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड

- अडाणी फाउंडेशन के सहयोग से पिछड़े इलाकों में बेहतर हो रही शिक्षा
- आदिवासियों के जीवन में सुखद बदलाव लाने की कोशिश




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव/हजारीबाग/सोनमर्ग।** अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (नेचुरल रिसोर्सेज) को वर्ष 2023 के ग्रीनटेक कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान झारखंड समेत देश के विभिन्न राज्यों के पिछड़े और आदिवासी बहुल इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। ग्रीनटेक फाउंडेशन की ओर से अडाणी के प्रतिनिधियों को यह सम्मान जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में हुए एक समारोह में प्रदान किया गया। अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा झारखंड के हजारीबाग, छत्तीसगढ़ में सरगुजा और रायगढ़ जिले सहित मध्यप्रदेश के सिंगरौली, ओडिशा के संबलपुर और सुंदरगढ़, महाराष्ट्र के नागपुर जिले में सामाजिक सरोकारों की विभिन्न परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें अडाणी फाउंडेशन के सहयोग से रेमेडियल कोचिंग क्लासेस, नवोदय कोचिंग क्लासेस, मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी, सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होनेवाली परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मुफ्त स्कूल बस की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा आदिवासी लड़कियों के लिए साइकिल और खेलों के लिए भी विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। जवाहर नवोदय की प्रवेश परीक्षा में अब तक 100 आदिवासी लड़कियां सफल हो चुकी हैं। वहीं, सरकारी स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति 45 से बढ़कर 70% हो चुकी है। 50 से अधिक विद्यार्थियों ने अब तक नीट और जेइइ की प्रवेश परीक्षा में सफलता पायी है। इसी कड़ी में अडाणी फाउंडेशन ने अब तक 50 से अधिक सरकारी स्कूलों और 65 आंगनवाड़ी केंद्रों में जरूरी बदलाव भी लाया गया है। अडाणी फाउंडेशन देश के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, कौशल क्षमता विकास और कृषि समेत अन्य क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहा है।

सम्मान मिलने के बाद कंपनी ने कहा, अडाणी फाउंडेशन के सहयोग से शिक्षा को बढ़ावा देने में अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (नेचुरल रिसोर्सेज) को उत्कृष्ट योगदान के लिए मिले 10वें ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड 2023 से हम सभी सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारी शिक्षा परियोजनाएं अडाणी विद्या मंदिर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, सरकारी स्कूलों को बेहतर करने और प्रतिस्पर्धी परीक्षा कोचिंग की व्यवस्था के साथ-साथ शैक्षिक किट वितरित करने पर केंद्रित हैं। हमारे समर्पित प्रयासों का उद्देश्य, क्षेत्र के आदिवासी विद्यार्थियों के बीच शिक्षा और कैरियर विकास को बढ़ावा देना, उनके लिए बेहतर और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है। न्यायसंगत समाज बनाने के लिए सभी एकजुट होकर यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने के साथ-साथ समुदायों के समावेशी विकास को भी बढ़ावा मिल सके।

## ललपनिया में संताल सरना धर्म महासम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चरही।** चुरचू प्रखंड के कसीयाडीह, बिराखाप व मांडू प्रखण्ड के लोपोंगटांडी, उल्हारा के मांझी हाड़ाम-मांझी बूढ़ी हाड़ाम, जोगवा हाड़ाम-जोगवा बूढ़ी, परानीक हाड़ाम-परानीक बूढ़ी व अन्य समाजसेवियों के नेतृत्व में बोकारो जिले गोमिया प्रखण्ड स्तिथ लालपनिया में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संताल सरना धर्म महा सम्मेलन में शामिल हुए। मौके पर सभो ने लुगू पहाड़ के समीप चोर गांव होते लुगू पहाड़ में पैदल लगभग सात किलोमीटर पहाड़ में ऊपर चढ़े और लुगू बाबा धर्म गढ़ का दर्शन किये। लुगू बाबा के दर्शन के लिए लाखों श्रदालुओं का भीड़ उमड़ी थी लुगू बाबा के दर्शन के पश्चात सरना धर्म महासम्मेलन में आयोजित मेला का भी लुप्त उठाये। झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा ने कहा कि लुगू बुरु संताल आदिवासियों की संस्कृतिक व परंपरा का उदम स्थल है। इसको बचाने की जरूरत है, इस मौके पर समाजसेवी आनंद सोरेन, झारखण्ड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा, समाजसेवी चंद्रदेव मरांडी, शिवराम सोरेन, चुनुलाल हांसदा, दिलीप टुडू, राजू सोरेन, बाबूचंद हांसदा, प्रकाश सोरेन, रमेश सोरेन, कांतीलाल हांसदा, बिरसा हांसदा, विकास टुडु, रीता टुडू, सोहराय हांसदा, मंझली हांसदा, अनिता मुर्मू, सुनीता हांसदा, बिसराम हंसदा, सनिया मुर्मू, बसंती बेसरा, अनिता टुडु, मोनिका हेम्ब्रोम, सबिता मरांडी, शिला हेम्ब्रोम, सीता धान, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लिए आवेदन प्रारंभ

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आवेदन लिए जा रहे हैं इस योजना के तहत आवेदक को 15 लाख रुपये तक का लोन 4% प्रतिवर्ष के साधारण ब्याज के दर पर दिया जायेगो इसके तहत आवेदक से 15 साल तक ऋण चुकाने का समय सुनिश्चित है जबकि कोर्स पूरा होने के बाद ऋण चुकाने हेतु एक वर्ष तक स्थगन का भी विकल्प मौजूद है। पाठ्यक्रम शुल्क और छात्रावास जैसे संस्थागत खर्च के लिए भी कवरेज साथ ही गैर संस्थागत खर्च में अधिकतम 30% ऋण के उपयोग का प्रावधान है। इस योजना का लाभ डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु झारखंड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालय से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र, स्नातक, स्नातकोत्तर और डाइरेक्ट पाठ्यक्रमों के लिए झारखंड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालय से दस्वीव व बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र आवेदन कर सकते हैं ऐसे शैक्षणिक संस्थानों में एडमिशन सुरक्षित करना होगा जो एनएआरएफ की ओवरआल सूचि में 200 रैंक तक है साथ ही आवेदक की उम्र 40 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए व सम्बंधित कोर्स के लिए किसी भी बैंक से शिक्षा ऋण नहीं लिया हो व इस योजना का पूर्व लाभार्थी न हो वैसे लोग आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदक के पास दसवी कक्षा का मार्कशीट और प्रमाण पत्र अनिवार्य है साथ ही आवेदक का आधार कार्ड, माता पिता का आधार कार्ड, आवेदक का पेन कार्ड, माता पिता का पेन कार्ड व सक्षम प्राधिकारी से जारी दिव्यांगता का प्रमाण पत्र यदि जरुरी हो तो होना अनिवार्य है।

## साइबर ठगी करने वाले तीन ठग गिरफ्तार

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति और सदर थाना प्रभारी ललित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा की पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले 3 ठगों को पकड़ा हैं। हजारीबाग पुलिस को सीआइडी रॉची के द्वारा गूप्त सूचना मिली थी कि शास्त्री नगर, कुम्हारटोली हजारीबाग स्थित राजेन्द्र प्रसाद के मकान में कुछ लड़के अवैध रूप से ठहरे हुए है तथा साइबर क्राइम कर रहे है। सुचना पर पुअनि विकर्ण कुमार, पुअनि अरूण कुमार पुअनि महावीर उरॉव और सशस्त्र बल ने राजेन्द्र प्रसाद के मकान के पास पहुंच कर मकान की घेरा बंदी कर रहे थे उसी क्रम में मकान के उपर तल्ले से पुलिस को देख कर तीन लड़के इधर-उधर भागने लगे। जिसे पुलिस बल के सहयोग से तीन लड़को को पकड़ा गया। जिससे पुछताछ करने पर उन्होने अपना नाम बब्लु कुमार उम्र- 21 महुगढ़ थाना बरही जिला-हजारीबाग, राजेश प्रसाद उर्फ राजेश मंडल उम्र- 24 वर्ष अटका थाना- बगोदर जिला-गिरीडीह और संजय मंडल उम्र 30 ग्राम महुगढ़ थाना- बरही जिला- हजारीबाग बताये। उक्त तीनो अभियुक्तो के पास से 11 पीस मोबाईल 10 पीस सीम कार्ड, 6045 नगद और 02 मोटरसाईकिल बरामद किया गया ।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा व्यवस्थापक कमेटी की बैठक

# महाअधिवेशन को लेकर बनायी गयीं उप समितियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा व्यवस्थापक कमेटी की बैठक ज्योति मार्केट परिसर में की गयी। जिसकी अध्यक्षता व्यवस्थापक राजकुमार उर्फ बबलू व संचालन पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष उमेश दांगी ने किया। बैठक में अगामी फरवरी माह में होने वाले महाअधिवेशन की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। वहीं महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए कई उप कमेटी का गठन किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो ने कहा कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा इस बार 55वां महाधिवेशन कर हजारीबाग में कर एक अलग पहचान दिलायेगा। इसको सफल बनाने के लिए अलग-अलग प्रखंडों के आये लोगों के जिम्मेदारी दी गयी है साथ ही उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन हजारीबाग कुशवाहा समाज के लिए एक अलग पहचान बनायेगी। इसलिए हम लोग सब मिलकर अधिवेशन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो ने कहा कि यह अधिवेशन कुशवाहा समाज को एकजुट करने के लिए है। साथ ही राजनीतिक सामाजिक क्षेत्र में भी हम लोग पहचान बनाएंगे। अधिवेशन को सफल बनाने में सात उपकमेटी बनायी गयी है, जिसमें स्वागत कमेटी के अध्यक्ष अजीत देव, सदस्य राजकुमार बबलू, विनोद कुमार, सूरज कुशवाहा, रीना देवी, अर्जुन मेहता, जय नारायण प्रसाद ,भोजन समिति अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, सदस्य सुनील तलवार, मनोज मेहता, रोहित कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, मीडिया समिति अध्यक्ष उमेश दांगी, सदस्य विनय कुशवाहा, महेश मेहता, कुलदीप मेहता, साज सज्जा एवम टेंट कमेटी अध्यक्ष तुलसी कुशवाहा, सदस्य विनीत कुशवाहा, बसंत नारायण मेहता व सुरक्षा कमेटी अध्यक्ष बबलू कुशवाहा सदस्य राकेश मेहता, शिबू मेहता, उदय मेहता, अशोक महतो, सत्यजीत विद्या अलंकार और प्रचार प्रसार समिति अध्यक्ष प्रभु दयाल महतो आदि लोगों को महा अधिवेशन को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंप गई है। मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिगंबर कुमार, राष्ट्रीय सचिव निशांत सिंहा, अजीत देव, प्रदेश महासचिव ललित महतो, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणु देवी, भुवनेश्वर मेहता, तुलसी कुशवाहा, कृष्णा मेहता, समेत दर्जनों बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

## सऊदी में फंसे 5 मजदूर, वापसी की गुहार



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले से ताल्लुक रखने वाले 5 मजदूरों ने सऊदी अरब से वीडिओ बनाकर भारत सरकार व झारखंड सरकार वतन वापसी की गुहार लगाई है। उनके परिजनों ने भी केंद्र और राज्य सरकार से उनकी सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित कराने की मांग की हैं। कंपनी की ओर से पिछले आठ महीने का वेतन नहीं मिलने से दाने-दाने के लिए मोहताज हैं। सभी मजदूरों का बीजा की अवधि समाप्त हो गया है, उन्हे अकामा भी नहीं दिया गया है। मजदूरों के हित में कार्य करनेवाले सिकंदर अली ने केंद्र व राज्य सरकार से सऊदी अरब में फंसे मजदूरों को मदद करने की अपील की है। सऊदी अरब में फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के सरिया प्रखंड के कुसमाडीह पंचायत के जगदीश महतो, बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के पेंक पंचायत के जिवलाल महतो, विनोद महतो और हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चानो पंचायत के चिंतामन महतो, विरेन्द्र महतो शामिल हैं। ये सभी मजदूर पिछले 28 मार्च 2023 को अल मुरब्बा अल हादी की कंपनी में ट्रांसमिशन के ओपीजी में काम करने के लिए सऊदी अरब गये थे। लेकिन पिछले आठ महीने से किसी भी मजदूर को वेतन नहीं मिला हैं। जिसकी वजह से सभी मजदूर खाने के लिए मोहताज हो गये हैं।

## सचिदानंद ने किया बेकरी का उद्घाटन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक बाजार मुख्य सड़क अग्रवाल मेडिकल के सामने विशाल बेकरी खुला। जिसका उद्घाटन सोमवार को विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल ने फीता काटकर किया। अग्रवाल ने कहा कि बाजार में बेकरी खुलने से लोगों को जरूरत के समान मिल सकेगा। चूंकि इचाक बाजार 19 पंचायतों का मुख्य बाजार है। यहां हजारों लोग प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है। बेकरी के संचालक विशाल कुमार ने कहा कि हमारे यहां बेकरी से संबंधित समान की क्वालिटी में कोई समझौता नहीं होगा। ग्राहकों का सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। मौके पर सुदीप साव, सबिता देवी, जितेंद्र पांडेय, पिंटू सोनी, अमरनाथ अग्रवाल, प्रभास अग्रवाल, मिंटू कुमार, शंकर कुमार, बैजनाथ कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद थे।

## टाटीझरिया में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत भवन में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया कुमारी माधुरी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख मंडल, सीओ सह बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, जिप सदस्य रामप्रसाद, उपप्रमुख रवि वर्नवाल 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, पंचायत समिति सदस्य विनय दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांव, मुहल्ले और टोले से ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस द्वारा दस महिला मंडल को तीन लाख रुपये का चेक दिया गया। वहीं कृषि विभाग द्वारा चार किसानों का केसीसी स्वीकृति पत्र दिया गया। बिरसा कृषि योजना के चार लाभुकों को कूप स्वीकृति का पत्र, चार मजदूरों को जॉब कार्ड, दस विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण समेत धोती-साड़ी का वितरण भी अतिथियों के हाथों करवाया गया। कार्यक्रम में बीपीओ अफरोज अख्तर, जेई शशांक भूषण, पियूष कर्ण, सुनील कुमार, नागेश्वर राम, विश्वजीत दुबे, अरूण रवि, कौलेश्वर कुमार, रोहित कुमार, सूधीर राय, दीपक कुमार, मनीषा कुमारी, ललिता कुमारी, शंकर प्रसाद अरविंद केसरी, सुरेश प्रसाद, सीताराम प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत भवन में मनाया गया खेल दिवस




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** माता सहायिका सदन संस्था द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता करायी गयी। खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन सदन की सेक्रेटरी सिस्टर कुलंदाई थेरेसा ने किया। इस खेल प्रतियोगिता में प्रेम नगर छोटी सियारी, बरकी सियारी, नगवा चुरचू करकरी तथा सिंदूर के कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चे शामिल थे, इस कार्यक्रम में अनेक खेल कराये गये, जैसे छोटी बच्चियों के लिए मुंबई सिटी, बड़े बच्चों के लिए डिटेल और सेट करके बताना था। इस प्रतियोगिता में सभी वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा सभी वर्ग के बच्चियों ने एक-एक डांस प्रस्तुत किये, सिंदूर पंचायत के मुखिया सरोज देवी ने कार्यक्रम के लिए सारा सुविधा उपलब्ध कराया। प्रतियोगिता में जीते बच्चों को 17 दिसंबर को माता सहायका सदन में पुरुस्कृत किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में संस्था के सभी शिक्षक मो बरकात, जसमीत कौर, पुष्पा देवी, तथा ललीता देवी और नॉन फॉर्मल शिक्षक आनंद कुमार, पल्लवी कुमारी, टेकलाल राम तथा नितेश कुमार उपस्थित थे।

## झरपो कांदू टोला 24 घंटे से अंधेरे में

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** झरपो कांदू टोला में बिजली के बिना अंधेरे में है। केबल का तार 440 वोल्ट अचानक पॉल के पास दहक उठा और देखते देखते केबल जल कर खाक हो गया, जिसके कारण 24 घंटे से टोला के लोग अंधेरे में है। वार्ड सदस्य रवि यादव ने बिजली विभाग से बात की तुरंत कार्य हो जाने और केवल लगाने की बात कहा लेकिन अभी तक केवल नहीं बदला गया है बिजली विभाग से जल्द केवल लगवाने मांग ग्रामीणों ने की है।

# 14 जनवरी को दीपावली मनाने को लेकर बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी 14 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को भव्यता से रामगढ़ जिले में मनाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद की तैयारी प्रखंड और ग्रामीण स्तरों पर चल रही है। उक्त बातों की जानकारी एक विज्ञप्ति जारी कर शिक्षिका सह जिला संयोजिका(मातृशक्ति) सिंधु झा ने दी। उन्होंने बताया की विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति इकाई की बैठक विभिन्न कस्बों में शुरू की जा चुकी है। जिसमे शामिल होने वाली महिलाओं ने भी जुड़ने की इच्छा जताई है। इसलिए बहुत जल्द वरिष्ट पदाधिकारियों को इस बात से अवगत करवाकर उनकी सहमति से जिले में मातृशक्ति का विस्तार किया जायेगा।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा जंगल के समीप एनएच 33 पर मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना मे कार व बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई। बाद मे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दोनों युवकों के शव को उठाकर मांडू पुलिस अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि मांडू जोडाकरम निवासी दीनू मांझी और नंदू मांझी दोनो अपने बाइक पैसन प्रो संख्या जेएच02जे/2678 में सवार होकर जोड़ाकरम से मांडू की ओर जा रहे थे, कि इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही स्वीफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच 09





एभी/ 8229 ने बाइक को जोरदार धक्का मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क के दुसरे छोर पर जा गिरे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई। वही प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार व बाइक दोनों सड़क के दुसरे छोर पर आ गये। वही दूसरी दुर्घटना आधे घंटे के अंतराल मे घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर एक अज्ञात कार बुजुर्ग कुचलकर रामगढ़ की ओर फरार हो गया।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि मांडूडीह निवासी गिरधारी साव 65 वर्ष अपने घर से नहा कर अपने दूसरे घर जा रहे थे। सड़क पार करने के लिए सड़क के किनारे खड़े थे। इसी बीच हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रही अज्ञात कार ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। बाद में मांडू पुलिस शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया।

## 15 दिनों में हुई छह लोगों की मौत

**थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा जंगल के समीप एन एच 33 पर बीते 15 दिनों के अंदर अब तक तीन सड़क दुर्घटना में 6 लोगो की मौत चुकी है। 15 दिन पूर्व टेलर और बाइक की टक्कर में मांडू के तीन युवकों की मौत हुई थी। वहीं आज दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें दो युवक जोड़ाकरम और एक बुजुर्ग मांडू डीह का था।**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha. India

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No.34/YP/SH/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "चुने हुए प्रक्षेत्रों में ओर वागवानी फसलों की उच्च उत्पादकता हेतु संकर फसलों (चावल) की संकर प्रौधोगिकी पर आईसीभएआर कंसोर्टियम अनुसंधान मंच" (ईएपी-209) परियोजना के लिए एक (01) यंग प्रोफेशनल-II तथा एक (01) स्किल्ड हेल्प के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक क्रमश: 11.12.2023 तथा 12.12.2023 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि तथा अन्य शर्तो के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https//icar-nrri.in पर उपलब्ध है।

Walk-in-Interviews will be held on **11.12.2023** and **12.12.2023** for selection of one **(01) Young Professional-II** and one **(01) Skilled Help respectively** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"ICAR- Consortium research platform on hybrid crops (rice) hybrid technology for higher productivity in selected field and horticulture crops" (EAP-209)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.

प्रधान अन्वेषक/Principal Investigation

# आरएच पब्लिक स्कूल में डे स्कूलिंग व्यवस्था का शुभारंभ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ाखाप चौक फोरलेन के समीप आरएच पब्लिक स्कूल प्रबंधन द्वारा डे स्कूलिंग की व्यवस्था का मंगलवार को शुभारंभ किया गया है। विद्यालय निदेशक संतोष कुमार महतो ने बताया कि डे स्कूलिंग व्यवस्था के माध्यम से अध्यनरत छात्र सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक लंबे समय तक स्कूल में रहकर भोजन, सोने, खेलने समेत अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपनी गुणवत्ता शिक्षा की तैयारी करेंगे। इस दौरान छात्र के लिए शाम के वक्त सेल्फ स्टडी व ट्यूशन की व्यवस्था भी करायी गयी है। लेकिन वे रात के वक्त नही रुकेंगे। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे उच्च स्तरीय व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से वंचित रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के उज्जवल भविष्य और आने वाले कठिनाइयों को देखते हुए यह व्यवस्था प्रारंभ किया है। विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता सोच और बच्चों की शिक्षा सहित उज्जवल भविष्य के लिए यह व्यवस्था संजीवन बूटी के रूप में साबित होगा। इधर, विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के भविष्य संवारने को लेकर किया गया व्यवस्था को लेकर अभिभावकों ने भी बधाई दी है। इधर, एक अभिभावक ने उत्सुकता पूर्वक बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा किया गया यह व्यवस्था निश्चित ही सराहनीय के साथ-2 अभिभावकों के लिए भी मददगार साबित होगा। इस व्यवस्था से बच्चे मोबाइल से दूरी बना रहेगा। वही, अच्छे वातावरण में बच्चों को सही समय पर पढ़ाई भी जारी रहेगी।

# रामविलास गुट का मना 24 वां स्थापना दिवस

**रामविलास पासवान देश के प्रमुख दलित नेताओं में उनका नाम शुमारः केवल**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का 24वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय रामगढ़ कॉलेज गेट के समीप मनाया गया। इस दौरान नेता और कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री और पद भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान, दलित सेना के पूर्व अध्यक्ष समस्तीपुर के पूर्व सांसद स्वर्गीय रामचंद्र पासवान के चित्र पर फूलमाला अर्पण कर और पुष्प अर्पित किया। मौके पर जिलाध्यक्ष केवल पासवान के द्वारा पार्टी के प्रदेश नेता और जिला और प्रखंड के पाधिकारियों के बीच केक काटा गया। साथ ही मिठाइयां भी बाटी गयी।

जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने कहा कि पार्टी का संस्थापक और दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री पदभूषण से सम्मानित रामविलास पासवान देश के प्रमुख दलित नेताओं में उनका नाम शुमार है। वह ऐसे नेता जिन्होंने सरकारी नौकारी छोड़ कर सरकार ही बनाना तय किया था।

ये थे उपस्थित

मौके पर प्रदेश सचिव अर्जुन पासवान, जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता, जिला उपध्यक्ष मनोज पासवान, जिला महासचिव निर्मल महतो, जिला सचिव अजित प्रसाद, दुल्मी प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो, दुल्मी सचिव लाला करमाली, पप्पू राम, संजू विश्वकर्मा, राजकिशोर पासवान, राहुल मुंडा, सागर कुमार, आशाराम करमाली, विक्की मुंडा, आनंद कुमार, अंकित कुमार, गौरव सोनी, रिशु सोनी, बंटी कुमार, सतीश कुमार, राजू कुमार, सुनील कुमार, गौतम कुमार, उदय कुमार आदि उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर री-हैंडलिंग का कार्य कराया ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति ने अपने 12 सूत्री मांगों को ले मंगलवार को बलकुदरा परियोजना में चक्का जाम आंदोलन किया। इस दौरान समिति के लोगों ने बलकुदरा में चल रहे री-हैंडलिंग का कार्य पूरी तरह से ठप करा दिया। विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति द्वारा आयोजित एकदिवसीय चक्का जाम आंदोलन का नेतृत्व गिरधारी गोप, मनोज मांझी, विकास सोरेन, प्रेम कुमार साहु, अजय तुरी, रामदास बेदिया, अनिल सोनी, गणेश बेदिया, इंद्रदेव मुंडा, गोविंद बड़ाईक, चंदर पाहन, बलकहा विश्वकर्मा, राजदेव मुंडा, सतीश सिंह, नरेश बेदिया, बलदेव प्रजापति, घुजन देवी, बोगन देवी, सुनीता देवी, कालेश्वर बेदिया, निर्मल मुंडा, बबन पांडेय, ताराचंद करमाली, राजन तुरी आदि कर रहे थें। इस दौरान जुलूस के शक्ल में सैंकड़ों की संख्या बलकुदरा पहुंचे महिला-पुरूषों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्य ठप करा दिया। मौके पर प्रबंधन ने समिति के साथ वार्ता की। सीसीएल प्रबंधन के लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया। वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि समिति द्वारा जो मांग-पत्र दिया गया है उसपर विस्तारपूर्वक चर्चा के लिए आगामी 6 दिसंबर को परियोजना कार्यालय भुरकुंडा में बैठक आयोजित की जायेगी। वार्ता में तीन पक्ष विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति के प्रतिनिधि, सीसीएल के प्रतिनिधि एवं पीएसएमई के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान समिति ने प्रबंधन को 12 सूत्री मांग-पत्र भी सौंपा। पत्र की प्रतिलिपि भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी व कार्मिक पदाधिकारी भुरकुंडा कोलियरी और सुरक्षा विभाग भुरकुंडा को भी प्रेषित किया गया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की मनी पुण्यतिथि



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** माली मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ जिला के तत्वावधान में मंगलवार को सेंट्रल सौंदा में देश के महान वीर सपूत, सत्यशोधक समाज के संस्थापक, वीर योद्धा व ब्रिटिश गवर्नमेंट से लोहा लेने वाले समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 133वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के अध्यक्ष पिंटू मालाकार ने महात्मा ज्योतिबा फुले के तस्वीर पर मार्ल्यापण एवं पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद समिति के महासचिव रवि कुमार, धनंजय कुमार भगत व रामकृपाल मालाकार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवेश मालाकार, जिला सचिव उदय मालाकार आदि महात्मा ज्योतिबा फुले के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। समिति के अध्यक्ष पिंटू मालाकार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। कार्यक्रम में उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प भी दोहराया गया। मौके पर धनंजय कुमार भगत, बबलू मालाकार, बसंती देवी, रूपा मालाकार, अनिल मालाकार, नंदू मालाकार आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उरैली में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के उरैली पंचायत सचिवालय में मंगलवार को जेएसपीएस के सीसी सुनील पासवान की अध्यक्षता में मनरेगा योजना से संबंधित समाजिक अंकेक्षण सह जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पलामु जिला के डीआरपी अश्रीता तिर्की भी मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2021-22 और 23 में बने विभिन्न प्रकार के योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण के वाद जन सुनवाई किया गया। अंकेक्षण टीम ने मनरेगा योजना का कार्य स्थल का जांच प्रतिवेदन ज्युरी मेंवर के समक्ष रखा। एक सप्ताह के अंदर मनरेगा योजनाओं त्रुटियां को सुधारने का मौका दिया गया। इस मौके पर मुखिया संजय सिंह और पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, ज्युरी मेंवर सर्जन यादव, जयद्रथ सिंह, जेएसपीएल एस सदस्या रंजु देवी के अलावा उप मुखिया विवेक कुमार सिंह, पंचायत सेवक योगेश कुमार, जेएसपीएस के सीसी सुनील पासवान, सोशल ऑडिटर बीआरपी बबलू चौधरी, भीआरपी बिंदु कुमार, परवेज अख्तर, मुकेश कुमार प्रजापति, अनीता देवी, माया देवी, वार्ड सदस्य माया देवी, प्रतिमा देवी, संजय यादव, मुकेश कुमार सिंह, मदन यादव, राजु पासवान, विजय यादव, अखिलेश यादव, काफी संख्या में लोग मौजूद थें।

# डीसी ने लोगों के बीच बांटे कंबल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिले भर में बिरहोर व आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा प्रखंड के ग्राम चटनियां पहुंच कैंप का निरीक्षण किया। वहीं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व बीएलओ से अभी तक भरे गये फार्म 6 की विस्तृत जानकारी ली। वहीं बढ़ते ठंड को देखते हुए उन्होने बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया।

उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों के स्वास्थ्य जांच हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य जांच कैंप का जायजा लिया। जांच कैंप में उपलब्ध दवाओं की उन्होने जांच किया और जिनका इलाज कैंप में संभव नहीं है तो उसे अविलंब सदर अस्पताल रेफर करते हुए समुचित इलाज कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं मौके पर उन्होने बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके अलावा पत्थलगडा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत के शीतलपुर बिरहोर टोला में पहुंच उपायुक्त ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होने बिरहोर परिवारों के बीच कंबल और धोती साड़ी योजना के तहत धोती और साड़ी का वितरण किया।



## उपायुक्त ने अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त अबु इमरान ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय गिद्धौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय की साफ-सफाई, पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति का जांच किया। उन्होने मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कार्यालय में सभी पदाधिकारी और कर्मी समय पर उपस्थित रह कर अपने-अपने कार्यो का निष्पादन करें। साथ ही आम जन से मिल उनकी समस्याओं को भी सुना।**

# आजसू ने महाप्रबंधक को सौंपा शिकायत पत्र

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिवर साइड में सड़क निर्माण में हो रही अनियमितता को लेकर आजसू पार्टी के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने मंगलवार को सीसीएल के बरका- सयाल महाप्रबंधक को शिकायत पत्र सौंपा है! शिकायत पत्र के माध्यम से कहा गया है की सीसीएल द्वारा क्षेत्र के रिवर साइड में झा मेडिकल चौक से गिद्दी मोड़ तक एवऑफिसर्स कॉलोनी रिवर साइड में अभी हाल में हुए सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गयी है। उक्त सड़क का थिकनेस कम है एव सड़क निर्माण में बीएम भी नहीं किया गया है। पत्र के माध्यम से उक्त सड़क के स्टीमेट की प्रति की मांग करते हुए उच्चस्तरीय तकनीकी जांच की भी मांग की गयी है। पत्र में सिन्हा ने कहा है की मामले पर उचित साकारात्मक कदम नहीं उठाने की दिशा में आजसू पार्टी क्रमवार आंदोलन को बाध्य होगी। उन्होंने कहा की सीसीएल के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों का स्टीमेट काफी ज्यादा होता है और संवेदक द्वारा गुणवत्ता का ख्याल भी नहीं रखा जाता है।**

# चतरा में प्रकाशोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केदली कला में सिख पंथ के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 554 वां पावन प्रकाशोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। पिछले तीन दिनों से चल रहे प्रभात फेरियों का अंतिम चरण कल सुबह खत्म होने के बाद पवित्र निशान साहिब का चोला बदला गया, तथा उपस्थित सिख युवा दल के सदस्यों द्वारा उन्हें सलामी दी गयी। सुबह के दीवान की समाप्ति के बाद शाम के विशेष दीवान में श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत पिछले दिनों आयोजित दस्तारबंदी प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दीवान में रहिरास साहिब के पाठ के अलावा स्थानीय बच्चों और रागियों के द्वारा प्रस्तुत गुरुवाणी गायन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में अटूट लंगर के साथ कार्यक्रम देर रात समाप्त हो गया। लंगर में सभी समुदायों के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

# टीवी मुक्त अभियान के तहत जागरूकता अभियान



**पतरातू (आजाद सिपाही)। यक्ष्मा ईकाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें 55 यक्ष्मा रोगियों को मुफ़्त पोषण आहार किट वितरण किया गया। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार प्रसाद मनीष कुमार बीपीएम, सम्बेद कुमार, ईरशाद अहमद हरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, विजय कुमार विवेक भंडारी राहुल कुमार, रवि कुमार, प्रदीप प्रजापति सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।**

## सिक्योरिटी ऑफ चिल्ड्रेन इन स्कूल इंक्लूडिंग साइबर सेफ्टी पर कार्यशाला

# बच्चों में सही गलत की पहचान करने की क्षमता होनी चाहिए :डीसी

**बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ नैतिक शिक्षा देने अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में मंगलवार को जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा चितरपुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय शिक्षण और प्रशिक्षण महाविद्यालय चितरपुर के सभागार में 'सेंसटाइजेशन ऑन कंप्रिहेंसिव मैन्युअल फॉर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी फॉर चिल्ड्रन इन स्कूल' इंक्लूडिंग साइबर सेफ्टी विषय पर जिले के शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी चंदन कुमार ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपायुक्त, जीसीइआरटी से उपनिदेशक कमला सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम शर्मा और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से इला सिंह, सोमासी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया।



**समाज के विकास में शिक्षकों का अहम योगदानः डीसीः** कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में उस क्षेत्र के शिक्षकों का बेहद महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने वर्तमान समय में अत्याधुनिक तकनीक व मनोरंजन के विभिन्न संसाधनों के बीच बच्चों में रचनात्मक तरीके से नैतिकता विकसित करने के लिए बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ नैतिक शिक्षा देने अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि कई बार बच्चों के साथ गलत हो रहा होता है पर सही जानकारी अथवा जागरूकता के अभाव में वे काफी लंबे समय तक पीड़ित रहते हैं। इसमें भी शिक्षकों का योगदान बहुत जरूरी है। बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में पता होना चाहिए। वहीं उनमें सही और गलत की पहचान करने की भी क्षमता होनी चाहिए। ताकि किसी भी समय अगर वे खुद को असहज महसूस करे तो तुरंत इसकी जानकारी वे सही व्यक्ति तक पहुंचा सकें। साइबर सिक्योरिटी विषय पर डीसी ने कहा कि वर्तमान में मनोरंजन के अनगिनत संसाधन उपलब्ध हैं जहां उनका एक सकारात्मक पहलू है। वहीं आधुनिक तकनीक के माध्यम से फैलने वाली नकारात्मकता पर भी इनकार नहीं किया जा सकता। वर्तमान समय में लगभग सभी बच्चों के पास मोबाइल फोन होता है जिसका इस्तेमाल वे अपने ज्ञान को बढ़ाने व मनोरंजन के लिए करते हैं। लेकिन ऐसे कई उदाहरण है जिनमें यह देखा गया है कि साइबर सिक्योरिटी की सही जानकारी नहीं होने के कारण काफी गंभीर परिणाम सामने आए हैं। मौके पर उपायुक्त ने सभी शिक्षकों से बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर ध्यान रखने एवं बच्चों द्वारा किए जा रहे किसी भी सही व गलत कार्य का आकलन करने के प्रति जागरूक करने की अपील की।

# सीसीएल कुजू जीएम की मां का निधन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू जीएम नीरज कुमार सिन्हा की माँ प्रमिला देवी (80 वर्ष) का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया। उनके निधन से सीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी, शुभचिंतकों सहित ट्रेड यूनियन के नेताओं में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, प्रमिला देवी मंगलवार की दोपहर में खाना खा रही थीं। खाना खाने के दौरान सरक गई। इस दौरान उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुआ। आनन- फानन में उन्हें इलाज हेतु स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार रामगढ़ स्थित दामोदर नदी के तट पर किया जायेगा। मौके पर एसओपी गिरीश चंद्र, बीपी गुप्ता, अजित सिंह, प्रशांत प्रियदर्शी, पवन कुमार, संजय सिंह, मनीष कुमार, संतोष कुमार, पवन सिंह, भूषण यादव, राजू रविदास, श्रमिक नेता मे जगदीश महतो, तिवारी महतो, राम भजनलाल महतो, देवेंद्र शर्मा, नंदकिशोर प्रसाद, हेमंत सिंह, कंचन सिंह, हरि महतो, गोपाल ठाकुर, तेजनाथ महतो, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सावधानी जरूरी है

चीन में एक बार फिर से अज्ञात बीमारी का डर बढ़ गया है, जिसे एक तरह का निमोनिया बताया जा रहा है। हर रोज वहां हजारों बच्चों को अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है, जिन्हें तेज बुखार है, सांस लेने में दिक्कत हो रही है और किसी-किसी के फेफड़ों में गांठें भी बन रही हैं। चीन का कहना है कि यह कोई नया वायरस नहीं है और इस बीमारी में सांस से जुड़ी बीमारियों में काम आने वाली एंटीबायोटिक असरदार हैं। इस बीमारी पर डब्ल्यूएचओ को चीन ने कुछ जानकारी मुहैया तो कराई है, जिसे संगठन ने अपर्याप्त करार दिया है। उधर, सोशल मीडिया पर चीन की जैसी विडियोज शेयर हो रही हैं, उसने लोगों को एक बार फिर भयभीत कर दिया है। डर की एक बड़ी वजह यह भी है कि 2019 में कोविड-19 भी इसी मौसम में उभरना शुरू हुआ था, जिसने अगले तीन से चार महीने में पूरी दुनिया को अपनी जद में ले लिया था। उस वक्त भी चीन यही कह रहा था कि यह सामान्य बीमारी है, चिंता की कोई खास बात नहीं है। लेकिन चीन के ये सारे दावे खोखले निकले थे और उसके झूठ की कीमत दुनिया ने चुकायी थी। और तो और, भारत सहित लगभग हर देश की सरकारों ने भी पूरी तैयारी होने का दावा किया था, लेकिन सारी तैयारी धरी की धरी रह गयी थी। इस बार भी चीन और दुनिया भर की सरकारों का ऐसा ही दावा है। यह भी तर्क दिये जा रहे हैं कि यह लॉकडाउन खुलने के बाद का साइड इफेक्ट हो सकता है। जॉन हॉपकिंस सेंटर फॉर हेल्थ सिक्यॉरिटी का कहना है कि पिछले साल जब अमेरिका में लॉकडाउन हटाया गया था, तो बच्चों में सांस से जुड़ी बीमारियों में अचानक इजाफा देखने को मिला था। वजह यह कि लॉकडाउन में अन्य बीमारियों का प्रसार रुक जाता है। जब लॉकडाउन खुलता है, तो इस तरह की बीमारियां तेजी से फैलती हैं और ऐसा लगभग हर देश में देखा गया है। भारत में भी जब लॉकडाउन खोला गया था, तो लोगों में इन्फ्लुएंजा और सांस से जुड़ी अन्य बीमारियां तेजी से फैली थीं। डब्ल्यूएचओ का भी कहना है कि इस बीमारी में महामारी जैसे कोई आसार नहीं दिख रहे हैं, यह राहत भरी बात है। लेकिन चीन पर दुनिया भर में अब किसी को उतना विश्वास नहीं रह गया है, जितना कोविड-19 से पहले के युग में हुआ करता था। अच्छी बात है कि भारत सरकार ने इस बीमारी को गंभीरता से लिया है और इसके लिए राज्यों और हेल्थ सिस्टम को अलर्ट कर दिया है। राहत भरी खबर यह भी है कि इस बीमारी का एक भी केस अभी तक दुनिया के किसी दूसरे देश में नहीं पाया गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम असावधान हो जायें।

**डब्ल्यूएचओ का भी कहना है कि इस बीमारी में महामारी जैसे कोई आसार नहीं दिख रहे हैं, यह राहत भरी बात है। लेकिन चीन पर दुनिया भर में अब किसी को उतना विश्वास नहीं रह गया है, जितना कोविड-19 से पहले के युग में हुआ करता था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आजकल परेशानियों को धर्म और ताकत की आंख से देखने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। हर राजनीतिक पार्टी जाति-पाति का सहारा लेती है,लेकिन कहा जा रहा है कि जाति को भूल जाइये। किसी भी सामाजिक समस्या के तनाव उगाने वाले मोड़ पर बहस होती है, तो लगभग सभी नेता, चाहे वे पक्ष के हों या विपक्ष के राजनीति करते हुए यह जरूर कहते हैं कि इस मामले में राजनीति न करें।**

# अपने गिरेबान में कब झांकेंगे!

प्रभात कुमार

दूसरों के गिरेबान में झांकने की आदत तो हमें एक जमाने से है। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो समय निकल जाने वालों के गिरेबान में भी झांक लेते हैं। अब यह आदत बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में परिस्थितियों ने खतरनाक करवटें ली हैं। इंसान का इंसान से मिलना व्यक्तिगत रूप से कम हो गया है। एक छत के नीचे रहने वाले लोग भी आपस में अजनबी होने लगे हैं। हालांकि इस बहाने एक महत्वपूर्ण अवसर भी मिल रहा है अपने गिरेबान में संजीदगी से झांकने का और सच मानें तो वक्त की जरूरत भी है। यह भी सच है कि अपने गिरेबान में झांका तो उसका फायदा जिंदगी के फैलते वृक्ष को हुआ। जड़ों को सकारात्मकता की खाद मिली।

फिलहाल हम सभी ने अपने शरीर और दिमाग में सोशल मीडिया का दखल इतना बढ़ा दिया है कि सामाजिक ढांचा हिलता-डुलता, चरमराता और गिरता नजर आने लगा है। हालांकि यह ऐसा ही है कि हम किसी की तरफ एक उंगली उठाते हैं, तो अपनी तीन उंगलियां अपनी तरफ ही रहती हैं। उन तीन उंगलियों का इशारा मान कर अपने गिरेबान भी झांक लिया जाये, तो जिंदगी के हालात की अच्छी जांच हो सकती है। कुछ बिगड़ती बातें, बननी शुरू हो सकती हैं। संभव है इस बहाने सुधार होने से दूसरों की मदद की जरूरत भी कम हो जाये।

**अगर हम अपना संजीदा अंशदान शुरू कर दें तो स्वानुशासन, प्रेरणा और सुधार का अंकुरण देखा जा सकता है।**



**सार्वजनिक जीवन में हम आमतौर पर जिम्मेदार व्यवहार करना, यानी गिरेबान में झांकना भूल जाते हैं। किसी भी आयोजन में प्लेट में भूख से ज्यादा खाना लेते हैं, छोड़ते हैं और कचरा पेटी में डालते हैं। गाड़ी चलाते हुए सबसे पहले आगे निकलना चाहते हैं।**

आजकल परेशानियों को धर्म और ताकत की आंख से देखने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। हर राजनीतिक पार्टी जाति-पाति का सहारा लेती है,लेकिन कहा जा रहा है कि जाति को भूल जाइये। किसी भी सामाजिक समस्या के तनाव उगाने वाले मोड़ पर बहस होती है, तो लगभग सभी नेता, चाहे वे पक्ष के हों या विपक्ष के राजनीति करते हुए यह जरूर कहते हैं कि इस मामले में राजनीति न करें। कोई अपना गिरेबान झांकने की कोशिश नहीं करता। ऐसा होना शुरू हो जाए तो सामाजिक सम्मान बढ़ने लगे, जनता खुश रहने लगे। दोष निर्धारित करने से पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि उचित क्या है। हमारा सच या तुम्हारा सच या वास्तविक सच। दावे के बजाय असली सच को स्वीकार कर सार्वजनिक मंच पर लाने की शुरुआत खुद से करनी होगी। परेशानियां तो आयेंगी, क्योंकि हमें खुद को दूसरों से अलग रास्ते पर ले जाना होगा। हमें यह मान कर चलना होगा कि उचित रास्ते पर चलने वाले और भी मिलेंगे। हम अकेले नहीं हैं। बुराई या जिस चीज को हम सामाजिक स्तर पर अनुचित समझते हैं, उसमें बदलाव लाना चाहे बाधाओं से भरा हो, उसे बदलने के लिए स्पष्टता और स्वच्छता अभियान एक बार शुरू कर लगातार जारी रखना होगा।

दूसरों से अपेक्षा छोड़ कर अपना रास्ता खुद तलाशना होगा। प्रयासों के अनुरूप बदलाव एक दिन आता ही है। इसके लिए हमें अपने दोष दूर करने होंगे। खुद को बदलना मुश्किल है, दूसरों को बदलना तो और ज्यादा मुश्किल है। जीवन स्थितियों में बदलाव आते रहें और बेहतर जिंदगी बिताने के लिए प्रयास करते रहे तो परिवर्तन का एक प्रारूप हमारे मन में जन्म लेकर विकसित होना शुरू हो जाता है। यह एक ख्याली पुलाव की तरह है कि सभी सुधर जायें... सभी को मर्यादाओं और सीमाओं का पता हो और ध्यान रहे वे उनका पालन करते रहें।

सार्वजनिक जीवन में हम आमतौर पर जिम्मेदार व्यवहार करना, यानी गिरेबान में झांकना भूल जाते हैं। किसी भी आयोजन में प्लेट में भूख से ज्यादा खाना लेते हैं, छोड़ते हैं और कचरा पेटी में डालते हैं। गाड़ी चलाते हुए सबसे पहले आगे निकलना चाहते हैं। चौराहे पर अभी हरी बत्ती भी नहीं होती कि हार्न बजाना शुरू कर देते हैं। हमें ख्याल रखना चाहिए कि आगे खड़े होने वाले ने वहीं रुके नहीं रहना है। लाल बत्ती का उल्लंघन करना हमारी आदतों में शुमार है। जरा-सी बात पर चीखना-चिल्लाना, लड़ना, मारना शुरू कर देते हैं, चाहे गलती अपनी ही हो। रेल, बसों, मेट्रो में सबसे पहले घुसना चाहते हैं और महिला डिब्बों में पुरुष चढ़ जाते हैं। हम अब भी प्लास्टिक और पॉलीथीन की गोद में बैठे हुए हैं।

विज्ञापन पर करोड़ों खर्च हो चुके, लेकिन कचरा यहां-वहां फेंकना नहीं छोड़ा। पैदल पार-पंथों से या दूसरी उचित जगह से नहीं, गलत जगह से ही सड़क पार करते हैं। सड़क किनारे थूकना या पेशाब करना छूटा नहीं है।

माफी मांगने और माफ करने में तो अपना गिरेबान बिल्कुल नहीं झांकना चाहते। हम यह नहीं समझते कि माफी मांगने से कोई छोटा नहीं होता, बल्कि यह पता चलता है कि रिश्ते महत्वपूर्ण होते हैं। बच्चों के साथ हमारा व्यवहार काफी बदलाव चाहता है। अगर हम अपना संजीदा अंशदान शुरू कर दें तो स्वानुशासन, प्रेरणा और सुधार का अंकुरण देखा जा सकता है, जो उचित देखभाल से धीरे-धीरे वट वृक्ष में तबदील हो सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

### अंजली मार्डी को मिली दिव्यांग पेंशन स्वीकृति

# परिजनों ने सीएम के प्रति जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में सरकार के महाआकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में सैकड़ो ग्रामीणों को ऑन द स्पॉट योजना का लाभ मिल रहा है। जिले में डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंच रही है। इस अवसर पर बहरागोड़ा प्रखंड के चिंगड़ा पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर में बोलने में असमर्थ 25 वर्षीय दिव्यांग अंजली मार्डी को ऑन द स्पॉट दिव्यांग पेंशन स्वीकृत किया गया। अंजली मार्डी के भाई ने बहन के लिए पेंशन स्वीकृत होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा हेमंत सरकार में बिना दौड़ भाग किये अपने पंचायत में ही योजना का लाभ मिलने लगा है। इससे काफी खुशी महसूस हो रही है।



मौके पर दिबांग के परिजनों ने कहा राज्य सरकार के योजना से 25 वर्षीय दिव्यांग अंजली मार्डी को काफी राहत मिली है। इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जिले के वरीय पदाधिकारी का शुक्रगुजार है। जिन्होंने अंजली मार्डी के लिए पेंशन स्वीकृत ऑन द स्पॉट देने का काम किया। विशेष रूप से वे सभी को बधाई व सादुवाद देते है।

### डीसी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

# आम जन की समस्याओं का नियमानुसार निष्पादन करें पदाधिकारी : रवि शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के जिला समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। मंगलवार को डीसी रवि शंकर शुक्ला ने जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये ग्रामीणों का व्यक्तिगत व समाजिक समस्याओं से अवगत हुए। मौके डीसी ने क्रमवार लोगो की समस्याओं से अवगत होकर नियमानुसार निष्पादन हेतु संबंधित विभिगीय पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में भूमि विवाद, आपसी बटवारा, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान योजनाओं का लाभ, मुख्यमंत्री चिकित्सिय सहायता योजना का लाभ व जेआरडीसीएल द्वारा बिना सूचना के कामगारो को सेवा मुक्त करने समेत अन्य समस्याओं का आवेदन प्राप्त किया। प्राप्त आवेदनो पर डीसी नें जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का समापन

# ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब झारखंड और ओड़िशा बना रनरअप

**आत्मरक्षा का माध्यम है कराटे : विकास सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मानगो मून सिटी के कम्युनिटी हॉल में झारखंड शोरिन रियु मात्सस्याशी करटे डु एसोशियेसन की ओर से जितेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत में दो दिवसीय चौथा राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का समापन हो गया।मंगलवार को टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि स्वामी विशुद्ध नंदन भीकू, सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी, संस्था के ऑगेनाईजिंग चेयरमैन सह भाजपा नेता विकास सिंह, ऑगेनाईजिंग डायरेक्टर राजीव सिंह शामिल हुए। टूर्नामेंट में ओड़िशा, बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड राज्य के सैकड़ों खिलाड़ी हिस्सा लिया। इस अवसर पर गर्ल्स कुमिते में जूनियर एक मे गोल्ड मेडल बंगाल के आद्रिका राय, सिल्वर मेडल झारखंड अदिति बागरिया,ब्रोंज मेडल बिहार के आरोही विश्वकर्मा, गर्ल्स कुमिते जूनियर दो में गोल्ड मेडल बिहार के हर्षिका सिंह, सिल्वर मेडल झारखंड के नेहा शर्मा, ब्रोंज मेडल ओड़िशा के नवस्मिता नायक को सौपा गया। वही बॉयज कुमिते जूनियर एक में पहला स्थान उड़ीसा जे विनायक सेनगुप्ता, दूसरा स्थान बंगाल के राजदीप प्रधान, तीसरा स्थान झारखंड के धैर्य अग्रवाल ने प्राप्त किया। बॉयज कुमिते जूनियर दो में ब्लैक बेल्ट कुमिते पहला स्थान उड़ीसा के पंकज कुमार महतो, दूसरा स्थान बिहार जे भीमसेन, तीसरा स्थान झारखंड के ज्योति रंजन ने हासिल किया। वहीं ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब झारखंड व रनरअप उड़ीसा ने हासिल की। मौके पर अतिथियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



# मजदूरों का बकाया देने को लेकर झामुमो ने टाटा पावर गेट में किया विरोध प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा पावर कंपनी के एलाईज इंजीनियरिंग में कार्यरत मजदूरों व सप्लायरो व ड्राइवर का वेतन भुगतान व फाईनल सेटलमेंट की मांग को लेकर झामुमो व सामाजिक सेवा संघ के मजदूर नेताओं ने टाटा पावर कंपनी गेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के एचआर हेड समीर करण ने वार्ता कर जल्द भुगतान के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा सभी का बकाया भुगतान 4 दिसंबर तक होगा। फाइनल सेटलमेंट की प्रक्रिया पूरी कर 10 दिसंबर तक उनका भी भुगतान कर दिया जाएगा। मौके पर झामुम नेताओं ने कहा 10 दिसंबर तक फाइनल सेटलमेंट की भुगतान नहीं हुई तो 11 दिसंबर को कंपनी गेट पर टी पी एल के मजदूरों को रोककर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, मजदूर नेता सह सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष राजेश सामंत, मुखिया शिवलाल लोहरा, भूपति सरदार, छोटे सरदार, राकेश कुमार सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, राजू कुमार,नरेंद्र सिंह, रत्नेश्वर राय, धर्मेंद्र यादव,जोगिंदर यादव, रामनाथ यादव मौजूद रहे।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का संविधान गौरव पखवाड़ा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संविधान निमार्ता ह्यभारत रत्नह्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को समर्पित संविधान गौरव पखवाड़ा का आयोजन किया गया। मंगलवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वावधान में कोल्हान स्तरीय संविधान गौरव पखवाड़ा कार्यक्रम जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जुगसलाई विधानसभा में संपन्न हुआ। बिमल बैठा की अध्यक्षता में परसुडीह मंडल के द्वारा सोपोडेरा स्थित गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और चंदनकियारी के विधायक अमर कुमार बाउरी शामिल हुए। इस दौरान भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी व भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा भी मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सभा में उपस्थित लोगों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलाया। उन्होंने कहा देश की एकता, धर्मनिरपेक्ष, सामाजिक विकास व लोकतंत्र की मजबूती के लिए समर्पण भाव से हम सभी काम करते रहेंगे। मंच का संचालन जिला महामंत्री पी के करवा ने किया। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिमल बैठा ने रामचंद्र सहिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा पूर्व मंत्री एनडीए के स्वघोषित उम्मीदवार बन बैठे हैं। उन्होंने कहा आजुस नेताओं को हल्की राजनीतिक बातों और निम्न स्तरीय राजनीति से बचना चाहिए।



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा पहले की सरकारों ने दलितों को सिर्फ वोट बैंक मानकर उनका इस्तेमाल किया। लेकिन भाजपा सरकार में दलितों के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों के आर्थिक, शैक्षणिक व सामाजिक उत्थान के लिए सैकड़ों योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही सोच है। जो आज बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर ने नारा दिया था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। इस नारे से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश और समाज के नव निर्माण में सभी को योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा राज्य सरकार आदिवासी दलित और झारखंड की जनता को सुरक्षा देने में पूरी तरह से विफल रही है। कहा आदिवासी दलित बच्चियों के साथ हुए दुष्कर्म, पहाड़िया बेटी को टुकड़ों में काटने वालो, आदिवासी बेटी की दुष्कर्म एवं हत्या कर पेड़ पर लटकाने वालों पर सरकार ने क्या कार्रवाई की है। आदिवासी युवाओं की हत्या हेमंत सरकार की उपलब्धि है।

जातिगत राजनीति कर लोगों को सिर्फ वोट बैंक समझकर लंबे समय तक अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का कार्य किया।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में रंका की दूधवल पंचायत में पहुंचे मंत्री मिथिलेश

# जहां कभी नक्सलियों का लगता था कैंप वहां पहुंच रही है सरकार: मिथिलेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका / गढ़वा।** रंका प्रखंड के दूधवल पंचायत के नगारी गांव में 28 नवंबर को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पहुंचे। छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर स्थित नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जानेवाला इस सुदूरवर्ती गांव में पहली बार पहुंचे जनप्रतिनिधि का लोगों ने ढोल मांदर और झूमर नृत्य के साथ फुल बरसाकर स्वागत किया।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के द्वार तक प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मचारियों को भेज रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि एक समय इस क्षेत्र में जनप्रतिनिधि और प्रशासन के लोग भी आने से कतराते थे, परंतु सरकार के सकारात्मक रवैए ने भटके हुए लोगों को भी मुख्य धारा से जोड़ दिया है। सरकार की नीतियों का प्रतिफल है कि सूदूरवर्ती गांव में प्रशासन निर्भीक होकर योजनाओं का लाभ पहुंचाने की नीयत से कैंप लगा रही है। पिछले वर्ष इसी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से 368 नए लोगों को पेंशन स्वीकृत हुआ था और लगभग 350 छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ प्राप्त हुआ था। ऐसे ही अनेक विभाग के योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा। केंद्र सरकार के भेदभाव के कारण राज्य की जनता को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा था लेकिन राज्य सरकार ने अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए अबुआ आवास योजना प्रारंभ की है जिसके तहत प्रथम वर्ष ढाई लाख राज्यवासियों को इसका लाभ दिया जाना है।

मंत्री मिथिलेश ने पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों और पंचायत के जागरूक लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि वैसे लोग जिन्हें योजनाओं को प्राप्त करने में जानकारी का अभाव है उन्हें सहयोग कर योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार झारखंडियों की भावना के अनुरूप काम कर रही है जिसे सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने पंचायत वासियों को बताया कि सिर्फ आपके दुधवल पंचायत में सरकार की 30 करोड़ की योजना चल रही है इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि पूरे विधानसभा में और राज्य स्तर पर कितने विकास का कार्य धरातल पर उतर रहे होंगे। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने विभिन्न ग्राम वासियों के बीच परी संपत्तियों का वितरण किया। वन विभाग से ले गए फलदार पौधे का विवरण किया गया।

कार्यक्रम को 20सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जीप सदस्य प्रमिला देवी, प्रमुख हेमंत लकड़ा, मुखिया इजहार अंसारी, पंचायत समिती सदस्य मुमताज अंसारी, नूरजहां खातून, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, 20 सूत्री अध्यक्ष अहमद अली, अंचलाधिकारी, एल आर डी सी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मौके पर प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, युवा अध्यक्ष दिपक सोनी, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, पप्पू यादव, शंभू यादव आदि मौजूद थे।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना मुख्य उद्देश्य : मंत्री

**मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सीएम के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया**

**30 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गढ़वा जिले के पेशका में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला के मेराल प्रखंड अंतर्गत पेशका हाई स्कूल के मैदान में 30 नवंबर को आयोजित होने वाले 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के आगमन को ले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पेशका हाई स्कूल के मैदान पहुंचे। इस दौरान मंत्री संग मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया गया। मैदान में लग रहे स्टेज, टेंट और स्टॉल का जायजा, कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, आने वाले अतिथियों और आमजनों के बैठने की व्यवस्था, विधि व्यवस्था, हेलीपैड निर्माण समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान मंत्री द्वारा कृषक पाठशाला का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर तैयारी का जायजा लेने के पश्चात मंत्री ने बताया कि आगामी 30 नवंबर को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं गढ़वा जिले के पेशका में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचना है। उक्त कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कई योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जायेगा। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जिलेवासियों से अपील किया कि जिलावासी अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम के साक्षी बने। इस दौरान मौके पर उक्त पदाधिकारियों के अलावा मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा अवध कुमार यादव समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# दुर्घटना में घायल सफाई कर्मी की इलाज के दौरान मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** दुर्घटना में घायल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर टाउनशिप के सफाई कर्मी रामू राम के पुत्र नीरज कुमार की इलाज के दौरान वाराणसी में मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

खबर के अनुसार निरज कुमार अपने दोस्त के साथ उत्तर प्रदेश के कोन से मोटरसाइकिल से अपने घर टाउनशिप आ रहा था, कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी बांध के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल गढ्ढे में गिर गयी। उक्त दुर्घटना में नीरज व उसका दोस्त दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर के बाद नीरज के दोस्त ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। आनन फानन में नीरज को वाराणसी लें जाया गया जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# सिदो कान्हू फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका ।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कटरा पंचायत में सिद्धू कान्हू फुटबॉल टूर्नामेंट समापन मैच का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल मैच के मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह शामिल हुए। फुटबॉल मैच के आयोजक एवं ग्रामीण जनता ने नितेश सिंह का गर्मजोशी से बाजे गाजे के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। इस फुटबॉल टूनार्मेंट में गर्ल्स एवं ब्वॉयज की चार टीमें भाग लिए। जिन्हें मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से नितेश सिंह ने आयोजन कमेटी को 41000/- इकतालीस हजार रुपये सहयोग राशि प्रदान किया तथा चारों टीमों को 2500-2500 रुपए प्रोत्साहन राशि एवं रेफरी को 1000-1000 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया गया। इस अवसर पर झामुमो जिला युवा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण के संजय सिंह छोटू, रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी,झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा में गढ़वा पहुचेंगे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी

**इस यात्रा के फहद बिहार झारखंड और उत्तर प्रदेश के लगभग 80 जिलों में 135 दिनों की लगातार यात्रा पूर्व मंत्री मुकेश साहनी कर रहे हैं**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढवा ।** विकासशील इंसान पार्टी का निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को लेकर पार्टी के सुप्रीमो और पूर्व मंत्री बिहार सरकार के मुकेश सहनी का आगमन एक दिसंबर को डंडा प्रखंड के छपरदगा गांव स्थित रजई विजय के मैदान में अपराह्न 11:00 बजे होगा। इसकी जानकारी मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव चौधरी प्रदेश सचिव मनदीप मल्लाह ने संयुक्त रूप से मंगलवार को दुलारी होटल में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में आरक्षण संकल्प यात्रा चल रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में आरक्षण संकल्प यात्रा में गढ़वा पलामू के निषाद समाज के सभी उपजातियां काफी संख्या में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा का आरंभ 25 जुलाई 2023 में किया गया था। इस यात्रा के फहद बिहार झारखंड और उत्तर प्रदेश के लगभग 80 जिलों में 135 दिनों की लगातार यात्रा पूर्व मंत्री मुकेश साहनी कर रहे हैं। इसमें समाज के हक और अधिकार के लिए एकजुट होने का आह्वान कर रहे हैं। पार्टी सुप्रीमो का उद्देश्य है कि तीनों राज्यों में निषादों को अनुसूचित जाति में शामिल करने को लेकर निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में पलामू जिला अध्यक्ष भरदुल चौधरी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष उत्तम चौधरी, डंडा प्रखंडअध्यक्ष शैलेश मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पेंशनर कल्याण समाज की मासिक बैठक संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा की मासिक बैठक असर्फी राम सचिव की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें श्रावण राम, श्यामबिहारी राम, रामाधार ठाकुर, निर्मल कुमार साहू, बृजनंदन राम, लक्ष्मण राम, सुरेंन्द्र चौबे तथा संतोष कुमार कोषाध्यक्ष द्वारा बैठक को संबोधित किया गया। सभी ने कोष की मजबूती, स्वास्थ्य बीमा तथा जाड़े के मौसम में सावधानी बरतने की हिदायत दी गयी। सर्व सम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कम्बल वितरण करने का निर्णय लिया गया। आज की अध्यक्षता कर रहे सचिव द्वारा नये कार्यालय के लिए उपायुक्त से मिलकर अनुरोध किया जाय। तथा अपने कार्यालय का संघ भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध करने हेतु विचार विमर्श किया गया।आज की बैठक मे निम्न पेंशनरों ने भाग लिया। शिवनारायण प्रसाद, अमरनाथ गुप्ता, सुदामा राम, छतरधारी राम, रामाधार यादव, सुबाश उरांव, माखन प्रसाद यादव तथा अन्य कई पेंशनर उपस्थित थे। अंत मेंअध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यबाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।

## अचानक पेट फूलने से युवती की मौत

**कांडी(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सुंडीपुर गांव निवासी मनोज पासवान की 16 वर्षीय लड़की पूजा कुमारी की मृत्यु अचानक पेट फूल जाने व पिशाब रुक जाने के कारण सोमवार की देर शाम में हो गयी थी। इस संबंध में कांडी थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि पूजा कुमारी की मृत्यु बीमारी से हुई है न कि किसी और कारणों से। पुलिस ने पूरी तरह जांच पड़ताल कर मृत्यु के कारणों का पता लगायी है। मृत्यु के कारणों के पीछे गलत अफवाह फैली हुई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतिका के माता पिता ने पूजा कुमारी की बीमारी से जुड़े डॉक्टरों के पर्ची, जांच रिपोर्ट, अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट सहित कई जांच का रिपोर्ट दिखाया।**

## वैन और बाइक की टक्कर, एक घायल



**केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर स्कूल से 500 मीटर दूर डीएभी वैन और बाइक की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें सिंहपुर निवासी शिवबरन साह का पुत्र धर्मेंद्र गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भवनाथपुर निवासी राकेश कुमार यादव का वाहन डीएवी में पढ़ने वाले बच्चों को लेने कांडी की ओर जा रहा था। तभी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें धर्मेंद्र गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पाते ही धर्मेंद्र के पिता अपने निजी वाहन से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। धर्मेंद्र की स्थिति को देखकर चिकित्सको ने गढ़वा रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।**

# दो क्विंटल जावा महुआ और अवैध शराब चुलाई के उपकरण भी बरामद

**तीनों व्यक्तियों के घर से लगभग 40 लीटर महुआ शराब बरामद की गयी : अवर निरीक्षक विक्रम साह**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विशुनपुरा।** उत्पाद अधीक्षक गढ़वा निर्मल कुमार के निर्देश पर अवर निरीक्षक बिक्रम कुमार साह ने विशुनपुरा थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब चुलायी को लेकर चलाया छपामारी अभियान। छापामारी अभियान में पिपरी कला के बाजार टोला निवासी नंदू भुइया, बिकास भुइया और मंदिस भुइया के घर से लगभग दो क्विंटल जावा महुआ और उपकरण पायी गयी। जिसे मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। वहीं अवर निरीक्षक विक्रम कुमार साह ने बताया कि इन तीनों व्यक्तियों के घर से लगभग 40 लीटर महुआ शराब बरामद की गयी है। इन लोगों के ऊपर उत्पाद अधिनियम की धारा 47/अ के तहत फरार अभियोग पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवायी की जा रही है। वहीं उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से अवैध महुआ शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ बगही नदी के समीप दो मोटरसाइकिल के आमनेसामने टक्कर से एक युवक ऋषि प्रजापति की मौत हो गयी, जबकि उसकी मां कबुतरी देवी तथा रामचंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त दुर्घटना में ऋषि प्रजापति की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि उसकी मां कबूतरी देवी और रामचंद्र सिंह घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया। चिकित्सक ने दोनों घायल को गढ़वा रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर भवनाथपुर थाना के एएसआई रब्बुल अंसारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे शव को अस्पताल लाया गया जहां से पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया।**

# ताहिर अंसारी जैसे आरोपियों को भी हथियार का लाइसेंस दे रही है सरकार: भानु प्रताप शाही

**भानू ने 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से कार्यान्वित होनेवाली जल नल योजना का शिलान्यास किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड क्षेत्र के कोलझींकि में बनने वाले पीसीसी सड़क और जल नल योजना का शिलान्यास विधायक भानू प्रताप शाही ने किया। 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से जल नल योजना के तहत 1050 घरों में पानी पहुंचाया जायेगा। वहीं 30 लाख रुपए की लागत से गांव के मेन रोड से उपस्वास्थ्य केंद्र तक पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाना है। शिलान्यास के बाद उपस्थित लोगों को सबोधित करते हुए विधायक ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी ने हर घर मे शुद्ध पेयजल नल से पहुंचाने का संकल्प लिया है। उसी के तहत कोलझींकि में भी हर घरों को अब नल से पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर वर्ग के लोगों का विकास कर रही है। आज भारत विकास के मामले में काफी तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार जनविरोधी सरकार है। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। अपराधियों को संरक्षण देने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। सरकार में हत्या और लूट के ताहिर अंसारी जैसे आरोपीयों को भी हथियार का लाइसेंस देने का काम किया जा रहा है। वहीं विधायक ने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता के वोट लेकर क्षेत्र की जगह अपने गढ़ का विकास पूर्व विधायक ने किया। जबकि उन्होंने कोलझींकि में बिजली, सड़क, स्कूल, उपस्वास्थ्य केंद्र बनवाने का काम किया है। चुनाव में फिर से ऐसे लोग गुमराह करने आयेंगे, लेकिन जनता को सही गलत का चयन काफी सोच समझकर करना पड़ेगा। कार्यक्रम को भाजपा नेता लक्ष्मण राम और पूर्व उपप्रमुख नारद प्रजापति ने किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष विकाश पांडेय, कुमार कनिष्क, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, लाल मोहन यादव, भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू, मुखिया सुनीता देवी, सुरेंद्र बैठा, अनिल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# टेंपो पलटने से छह यात्री घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार टेंपो पलटने से उस पर सवार 6 लोग घायल हो गए। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरा गांव निवासी कैलाश राम 60 वर्ष, कबूतरी देवी 45 वर्ष, डोमन राम 75 वर्ष, प्रेमचंद राम 46 वर्ष, पुनीता देवी 27 वर्ष तथा कैलान के बहेरवाखाडी निवासी चमेली देवी पति अयोध्या भुंइया व गीता देवी 25 वर्ष का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को स्थानीय युवक गुड्डू यादव, अनिल राउत, गोल्डेन, त्रिपुरारी, सोनू व अजित कुमार ने घायलों को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पुनीता देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग टेंपो पर सवार होकर खरौंधी थाना के बैतरा गाँव से श्री बंशीधर नगर कोर्ट में जमीन की रजिस्ट्री कराने जा रहे थे, तभी प्रखंड मुख्यालय से आगे कपूरी गेट के पास एक अन्य टेम्पो को ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर टेम्पो बीच सड़क पर पलट गयी। उधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एएसआई मुनेश्वर राम पुलिस दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा घायलो से जानकारी लेने के बाद दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को जब्त कर थाना लाया।

# बाबूलाल चुनौती हैं, हर अच्छे काम में चूना लगाते हैं: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झामुमो ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को चुनौटी बताया है। पार्टी कार्यालय में मंगलवार को केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पहले तो बाबूलाल विस्थापित थे, पर अब वह बेरोजगार भी हैं। जिस तरह से वह राज्य के सीएम हेमंत सोरेन और सीनियर लीडर शिबू सोरेन के लिए भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह राजनीतिक समाज में प्रदूषण है। ऐसे लोग जब तक रहेंगे, प्रदूषण मुक्त होना कठिन है। उनका स्तर ऐसा हो गया है कि वह लाश पर भी राजनीति करने लगे हैं। सुप्रियो ने कहा कि इन्होंने झारखंड स्थापना की नींव में चूना डालने का काम किया था। जब बाबूलाल सीएम थे, तो तपकारा गोलीकांड हुआ था, वह पीड़ितों के परिजनों से मिलने गये थे क्या। नेतरहाट में गोलियां चलीं, लोग शहीद हुए, पर वह नहीं गये। पिछले दिनों पनौती को लेकर देश भर में चर्चा थी। इसी तरह, झारखंड में अब चुनौटी की बात होती है। हर अच्छे कामों में वह चूना लगाने की कोशिश करते हैं। यह चुनौटी बाबूलाल हैं।

सुंदरपहाड़ी में सरकार एक्टिव

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कोरोना की तरह मलेरिया बीमारी भी एक बड़ी आपदा है। इससे बचाव की विशेष व्यवस्था करनी होती है। सुंदरपहाड़ी के जिस बीहड़ एरिया में मलेरिया फैलह, वहां आदिम जनजाति, माल पहाड़िया समाज के लोग रहते हैं। वे ऐसी ही जगहों पर वास भी करते हैं। ऐसे में उन्हें विस्थापित नहीं किया जा सकता। मलेरिया फैलने की खबर मिलते ही स्थानीय सांसद विजय हांसदा वहां पहुंचे। मेडिकल कैंप की व्यवस्था हुई। हालांकि कुछ बच्चों की मौत भी हुई, पर भाजपा वाले वहां लाश पर राजनीति करने पहुंच गये। गोड्डा सांसद पहुंच गये और मेडिकल कैंप में कहा कि इलाज की कोई सुविधा नहीं है। बाबूलाल मरांडी भी मोटरसाइकिल से वहां पहुंच गये, जबकि एंबुलेंस वहां पहुंच गयी थी। प्रभावित परिवारों तक मुआवजा भी सरकार के स्तर से पहुंच गया, पर बाबूलाल ने अनर्गल आरोप लगाये कि सीएम क्यों नहीं पहुंचे।सुप्रियो ने कहा कि सीएम और पीएम किसी ऐसे साइट पर जाते हैं तो व्यवस्था चरमरा जाती है। उत्तराखंड के सीएम तो पिछले 15 दिनों से सुरंग में फंसे लेबर को देखने नहीं गये। ओड़िशा में रेल दुर्घटना में पीएम के पहुंचने पर चार घंटे तक राहत ऑपरेशन रोक दिया गया। अब बाबूलाल सेंसेटिव इश्यू पर बोल रहे हैं। बाबूलाल मणिपुर क्यों नहीं गये। बेवजह वह बरहेट की बात करते हैं, जबकि सीएम हर पल वहां की जानकारी ले रहे हैं। डीसी, सिविल सर्जन वहां बैठे हैं। कहा कि गुरुजी को शिबू कहना, हेमंत मत बनना, यह कोई राजनेता कहता है क्या। 2019 में बाबूलाल को भी जनादेश था, पर उन्होंने इसका सौदा किया। भाजपा ज्वाइन कर ली। 2024 में बाबूलाल राजधनवार में दिखेंगे नहीं, इसकी गारंटी वे दे रहे हैं। अभी उत्तराखंड में जो हमारे 15 साथी फंसे हुए हैं, खबर आते ही सरकार ने सीनियर आइएएस की टीम बना कर वहां भेजी।

## राधा कृष्ण रास महोत्सव जतरा संपन्न




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय बस्ती के ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में लगने वाला दो दिवसीय राधा कृष्ण रास महोत्सव जतरा मंगलवार को संपन्न हुआ। रास जतरा मेला का शुभारंभ सोमवार की शाम भगवान राधा-कृष्णा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। ऐतिहासिक रास जतरा के मौके पर आयोजन कर्ता राधा मोहन शर्मा द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार,आयोजन कर्ता राधा मोहन शर्मा,किशोरी मोहन शर्मा,ईश्वरी मोहन शर्मा, मुंसी लाल महतो,अजित अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर मुख्य अतिथि गौतम कुमार ने वहां मौजूद श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जतरा मेला न केवल मनोरंजन के साधन हैं, अपितु ज्ञानवर्द्धन के साधन भी कहे जाते हैं। प्रत्येक मेला का इस देश की धार्मिक,सांस्कृतिक एवं सामाजिक परम्पराओं से जुड़ा होना इस बात का प्रमाण हैं कि ये मेला जन मानस में एक अपूर्व उल्लास, उमंग तथा मनोरंजन प्रदान करता हैं। नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत भक्ति वंदना के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोहन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार झारखंड के महसूर हुलास महतो व आरती की जोड़ी ने अपने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति से संगीत प्रेमी दर्शकों को रात भर झूमने को मजबूर कर दिया । वही कार्यक्रम मे मनीष,तमन्ना,डोली,खुसबू आदि कलाकारों द्वारा कई सुंदर मनमोहक नृत्य-संगीत की प्रस्तुति से हजारों संगीत प्रेमी को रात भर झूमने को विवश कर दिया। ऐतिहासिक रास जतरा में मिठाई, खिलौने व ईख की खूब बिक्री हुई।

# बाबूलाल मरांडी को क्या चुनौती देगा झामुमो: प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया। डॉ वर्मा ने कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की झारखंड की जनता से बढ़ते जुड़ाव, उनकी बढ़ती लोकप्रियता, संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से हताश निराश और घबराया हुआ है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र के लिए एक जन प्रतिनिधि हैं, जहां की जनता ने उन्हें जनादेश देकर मुख्यमंत्री के काबिल बनाया और इस क्षेत्र में लोग उनकी सरकार की अकर्मण्यता से मरते रहेंगे। लाशें निकलती रहेगी, तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि का धर्म निभाया। जनता के बीच जाकर उनका दुःख दर्द बांटना एक राजनेता का धर्म है, लेकिन झामुमो को यह लाश की राजनीति दिखायी पड़ती है।

कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी की बात करते हैं लेकिन उनके क्षेत्र में आदिवासी समाज के लोग मलेरिया से मरते रहे और वे देखने तक नहीं गये। जहां तक बाबूलाल मरांडी का सवाल है, तो वे उनके पीछे नहीं गये बल्कि वहां गये जहां मुख्यमंत्री अब तक नहीं गये। उन्होंने कहा कि झारखंड के मान सम्मान की जड़ों में किसने चुना डाला है। यह प्रदेश की जनता जानती है। कब तक दिशोम गुरु का दंभ भरेंगे। ये पब्लिक सब जानती है।

गुरु की प्रतिष्ठा देती है तो उनका चरित्र भी जानती है। उन्होंने कहा कि झामुमो बाबूलाल मरांडी को चुनौती नहीं दे तो ही अच्छा। बाबूलाल मरांडी ने दुमका में मुख्यमंत्री के पिता को हराया है। इतना ही नहीं, बाबूलाल मरांडी उस रामगढ़ से विधायक चुने गये जो हेमंत सोरेन की खतियानी भूमि है। इसलिए पहले झामुमो याददाश्त ताजा कर ले फिर बाबूलाल मरांडी को चुनौती दे।

# जनता के विकास के लिए चलायी जा रही हैं योजनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत स्थित जतरा मैदान में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बाल कल्याण पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, मुखिया सुजीता उराँव एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ कराया गया। आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल में अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित अन्य कल्याणक योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। वही जिला बाल कल्याण पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार ने ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोग अधिक लें राज्य की जनता का विकास के लिये सरकार द्वारा विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशुधन योजना, कृषि योजना, मनरेगा योजना के लाभुकों के बीच परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया सुजीता उराँव,पंचायत सचिव ओमप्रकाश साहु, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की तहत आकाशी पंचायत की अकाशी झखरा मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, मुखिया बीतनी उरांव सहित प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड के सभी कार्यालय के कर्मी एवं पदाधिकारी आपके द्वारा में आए हैं। आप अपनी समस्याएं या जो भी काम हो बेझिझक हमें बताएं। आप की समस्याओं का समाधान, आपके आवश्यक कार्यों का निदान तुरंत किया जाएगा। मौके पर पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न मुद्दों पर 1425 आवेदन दिया गया। जिसमें अबुआ आवास के लिए 645 आवेदन एवं अन्य मुद्दों पर 782 आवेदन प्राप्त किया बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का सूची बनाया जा रहा है। आवेदनों का सूचीकरण करने के बाद संबंधित विभाग को आवेदनों को प्रेषित किया जाएगा। ताकि सभी आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई हो सके। इस मौके पर प्रखंड के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था।

## गांज में आग लगने से धान जल कर हुआ राख

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** धान गांज में आग लगने से धान जल कर हुआ राख । किसान को हजारों का हुआ नुकसान। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट ग्राम निवासी नन्दलाल साहु का एक ट्रक धान खलिहान में रखा हुआ था। जिसे धान गांज में असामयिक तत्वों द्वारा आग लगा दिया गया। जिसे आग लगने से धान जल कर राख हो गया। वही नन्दलाल साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि वह परिवार के साथ गुमला जिला अन्तर्गत बिशुनपुर मेला गये हुए थे। लौट कर रात में सो गये जिसे की आग लगी घटना के बारे में सुबह पड़ोसियों से जानकारी मिला साथ ही कहा कि आर्थिक नुकसान पंहुचाने के उद्देश्य से आग लगी घटना को अंजाम दिया गया। आग लगने भयत तेज लपटें उठ रही थी। जिसे काफी मकसत के बाद अग्निशमन गाड़ी द्वारा आग को बुझाया गया।

# धूल कण की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने हाइवा को रोका



आजाद सिपाही संवाददाता

**हेरहंज/ लातेहार।** लातेहार जिले के तुबेद कोल माइंस से प्रतिदिन हाइवा ट्रक के आवागमन से सड़क में काफी गढ़े होने के वजह से धूल व डस्ट उडने के कारण छोटी-बड़ी वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे धूल के कारण छोटी गाड़ियों का नियंत्रण खराब हो जाने से कई बार दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों ने बालूमाथ-हेरहंज-पांकी रल-10 मुख्य पथ पर चिरु बस स्टैंड के समीप तुबेद कोल माइंस से चल रहे हाइवा ट्रक को रोका। इसके बाद हाइवा ट्रक चालकों द्वारा तुबेद कोल माइंस के कर्मचारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही माइंस के सिविल इंजीनियर व कर्मचारी जाम स्थल पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता की.ग्रामीणों ने कहा कि गाड़ी की गति को नियंत्रण कर चलवाएँ और सड़क की मरम्मती जल्द से जल्द करवाएं। इस पर सिविल इंजीनियर ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुवे कहा कि मुझे दो दिन का समय दें सड़क की मरम्मती करवा दी जाएगी। मौके पर-कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष लाडले खान, परवेज आलम, रविन्द्र साव, मुकेश जायसवाल, दीपक कुमार, धनेश्वर भुइयां, उत्तम सिंह, महेश्वर साव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक मद से निर्माण हेतु सामुदायिक भवन एवं लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मंगलवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा हजरत बाबा दुखनशाह मजार के सामने विधायक मद से निर्माण हेतु सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। वही आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक मद से निर्माण हेतु लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कहा कि हमारा प्रयास है की सभी वर्गों का विकास हो ,प्राथमिकता को देखते हुए क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं फलस्वरूप विधायक मद से दो कमरों का शिलान्यास किया जा रहा है।

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मेरे द्वारा एवं मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ साथ आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक निधि से पुस्तकालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिससे स्थानीय विद्यार्थी पढ़ाई के माध्यम से अपना भविष्य उज्ज्वल कर सकेंगे। इससे पूर्व बलदेव साहू महाविद्यालय में भी लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर हाजी अफसर कुरैशी, हाजी अब्दुल जबरुल , वारिस कुरैशी,इकबाल खान,मुजम्मिल अंसारी,सामुल अंसारी, अनिस खान, सत्यदेव भगत, जमील अंसारी, संभू प्रजापति, हसीन अख्तर मुन्ना, विशाल डुंगडुंग, कैश आलम,असलम अंसारी,फहीम कुरैशी,हाजी सफदर,हाजी अलीमुदिन, फिरोज राही, अफरोज आलम, शेराज अंसारी, तौसीफ आलम, सैफ अहमद, आलमीन अंसारी, रौनक इकबाल , आदि उपस्थित थे।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातु।** प्रखंड के दो मतदान केंद्र 37 व 45 पर मंगलवार को आदिम जनजाति मतदाताओं का नाम जोड़ने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडिओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत जिरहुला बिरहोर कलोनी स्थित बूथ संख्या 45 में आदिम जनजाति परिवारों के पांच व फुलसु पंचायत के मुक्की बिरहोर क्लोनी स्थित बूथ संख्या 37 में एक कुल 6 सदस्यों का मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया। संकल्प हमारा टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना, उम्र 18 खुशी अपार नाम जोड़ेगा अभियान चलाया जा रहा है। उनहोंने अपील करते हुए कहा की जिनका आयु 18 वर्ष हो रहा है वह संबंधित बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जोड़वा लें। मौके पर कृषि पदाधिकारी चंदन कुमार, प्रकाश कुमार, प्रेमनी देवी, सुधा देवी, सहित कई आदिम जनजाति परिवार मौजूद थे।

# पारा शिक्षकों के साथ वादाखिलाफी कर रही है राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार झारखण्ड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्यस्तरीय बैठक मोराबादी के दादा दादी पार्क राँची में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बिनोद बिहारी महतो संचालन सिद्दीक शेख ने किया। सरकार के वादा खिलाफी के कारण राज्य के पारा शिक्षकों में आक्रोश है।

राज्य के 62000 हजार पारा शिक्षकों को वेतनमान, आकलन उतीर्ण एवं सी टेट को जे टेट का समतुल्य लाभ, आचार्य शिक्षक नियुक्ति में विभिन्न त्रुटियों में संसोधन , 15 नवंबर 2018 को भाजपा सरकार द्वारा पारा शिक्षक एवं परिजनों पर राँची एवं राज्य के विभिन्न थानों पर मुकदमा दर्ज वापास लिया जाए।

पारा शिक्षकों का सेवा शर्त नियमावली में संसोधन कर अनुकम्पा, ई पी एफ का लाभ, 4% वार्षिक वृद्धि सहित अन्य मांग।

**बैठक में सर्व सम्मति से निम्न कार्यक्रम घोषित किया गया :** 3 दिसम्बर राज्य के सभी सत्ता पक्ष/विपक्ष विधायक / मंत्री के आवास पर विधानसभा के सभी प्रखण्ड इकाई की संयुक्त बैठक एवं विधायक/ मंत्री को संयुक्त मांग पत्र ज्ञापन, 10 दिसम्बर को राज्य के सभी जिलों में सभी संगठनों का संयुक्त बैठक, 16 दिसम्बर को राज्य के सभी पारा शिक्षकों के द्वारा ट्विटर अभियान के माध्यम से मांगो को लेकर माननीय मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण, 19 दिसम्बर को एक दिवसीय झारखंड विधानसभा घेराव , 28 दिसम्बर 2023 से अनिश्चित कालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम आयोजित है । बैठक में मुख्य रूप से बिनोद बिहारी महतो, बिनोद तिवारी, ऋषिकेश पाठक, सिद्दीक शेख, प्रदुमन सिंह (सिंटू) विकास चौधरी, बेलाल अहमद, सुमन कुमार, शुशील पांडेय, नीरेंज दे, नेली लुक्स,पिंकी राय, शकील अहमद, बीरेंद्र राय, भगवत तिवारी, प्रदीप दुबे, संतोष कुमार, राजू महतो, गोविंदा कुमार, वीगन राम, जगदीश उरांव, इत्यादि मुख्य रूप से शामिल थे।

# रास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत वासुदेवराय महाप्रभु मंदिर कोराम्बे के प्रांगण में सोमवार रात्रि में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रास मेला सह नागपुरी सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा फीता काटकर प्रारम्भ किया गया। आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम के दौरान स्काई म्यूजिकल ग्रुप सिमडेगा के कलाकारों चन्दन दास, उर्मिला महतो, सूरज कुमार, विनिता खलखो, भुनेश्वर सिंह, नमिता उराँव द्वारा भजन, गीत संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। वही संगीत कार्यक्रम श्री हनुमान जी को नमन करते हुए गायिका उर्मिला महतो द्वारा मारुतिनंदन दुखभंजन सुन ले पुकार पवनसुत विनती बारम्बार भजन से प्रारम्भ किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान गीत संगीत व नृत्य के दौरान दर्शक देखकर झूमने नाचने पर विवश हो गये। वही मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने आयोजन कमिटी के कार्यकर्ता व दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शांति व सौहार्द के साथ कार्यक्रम करें और गीत संगीत तथा नृत्य का आनन्द लें। मौके पर पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद, गोबर्धन नाथ पाण्डेय, पुरोहित संजयनाथ देवघरिया, पूर्व मुखिया एतवा उराँव, अशोक नायक, संजय पाण्डेय, मनोहर नायक, उमेश तिवारी,कौशर आलम, राघव पाण्डेय सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे बच्चियाँ उपस्थित थे।

## ट्रेन से लौटने के क्रम में युवक लापता



सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरगांव झरिया टोली गांव निवासी संदीप उरांव अपने भाई नारायण उरांव (25) के लापता होने को लेकर मंगलवार को सिसई थाना में सनहा दर्ज कराते हुए अपने भाई को खोजने की गुहार लगाई है। संदीप ने अपने आवेदन में कहा है कि नारायण हिमाचल प्रदेश मजदूरी करने गया था, वह 23 नवंबर को अपने सहयोगियों के साथ घर लौट रहा था, इसी क्रम में वह यूपी के फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर पानी लेने के लिए ट्रेन से उतरा, उसके लौटने से पहले ट्रेन छूट गई। उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन किया पर पता नहीं चल पाया। उसका मोबाइल में कभी कभी रिंग जाता है पर वह फोन नहीं उठा रहा है। अधिकतर समय उसका मोबाइल बंद आ रहा है।

## उपायुक्त ने सुनी 50 से अधिक लोगों की समस्याएं

# शिकायतों का हुआ तुरंत निपटारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से आए 50 से अधिक नागरिकों की समस्याएं सुनी। जारी प्रखंड के सीकरी पंचायत के पाकरटोली राजस्व ग्राम निवासियों ने उपायुक्त से उक्त ग्राम से प्रखंड कार्यालय तक जाने हेतु पहुंच पथ निर्माण करने की मांग की गई। जिसके तहत उपायुक्त ने आरडब्लूडी को पत्र अग्रसारित करते हुए उक्त क्षेत्र का निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। घाघरा निवासी बिपिन खेखार ने अपना आवेदन समर्पित कर बताया कि उनके पिता की मृत्यु उग्रवादी हिंसा से 2014 में हुई एवं उग्रवादियों द्वारा ही उनके पिता के लाश को जला दिया गया था। इस संबंध में जांच करते हुए उन्होंने सरकार से मुआवजा राशि की मांग की। भरनो निवासी अनीता उरांव ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए राशन कार्ड बनवाने की मांग की। डुमरी निवासी मनीषा ठिठियो ने उपायुक्त से मुलकाता की एवं उनके पति की हत्या के संबंध में उपायुक्त को विस्तृत जानकारी दी। वह बताती है कि उनके पति के हत्यारों के द्वारा उन्हें एवं उनके परिवार जनों को धमकी दी जाती है , जिसपर उन्होंने उपायुक्त से सहायता एवं न्याय की मांग की। उपायुक्त ने इस विषय को गंभीरता से लिया एवं उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इससे संबंधित जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिले के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में पूर्व से कार्य करने वाले सफाई कर्मी, सुरक्षा कर्मी एवं माली द्वारा आवेदन समर्पित कर उनके अनुबंध विस्तारित करने हेतु उपायुक्त से अनुरोध किया। दरअसल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नए एजेंसी के माध्यम से कर्मियों की नियुक्ति के संबंध में जानकारी मिलते ही सभी कर्मियों ने उपायुक्त के समक्ष जॉब की सुरक्षा को लेकर चिंता प्रकट किया। उपायुक्त ने फौरन जिला शिक्षा अधीक्षक को कॉल लगाया एवं सभी पुराने कर्मियों को ही नए एजेंसी के माध्यम से अनुबंधित करते हुए उनके अवधी विस्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्मियों को विद्यालयों में पुनः कार्य करने हेतु रखा जाएगा। इसे सुनते हुए सभी कर्मियों ने संतोष प्रकट कर उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया।

इसके अलावा जन शिकायत निवारण दिवस में जमीन विवाद, राशन ,पेंशन, आवास आदि के संबंध में भी कई आवेदन देखने को मिले। सभी आवेदकों ने एक एक कर उपायुक्त से मुलाकात की।उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित विभागों को पत्र अग्रसारित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा जिले के नागरिकों से मिलने के पश्चात जन शिकायत निवारण दिवस पर मौजूद विभिन्न विभागों के कर्मियों को आज के दिन प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कारवाई करने का निर्देश दिया।

## दंपती ने लगाया मारपीट का आरोप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के कसीरा निवासी राजू साहू और उसकी पत्नी रंजईन देवी ने अपने बहन पिता भगिना और बहन दामाद पर मारपीट का आरोप लगाया है। घायलावस्था में दोनों पति-पत्नी सोमवार की रात 10:00 बजे सदर अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर से इलाज कराया वही बताया कि मेरी बहन की बेटी मेरे घर में ही रहती है इसी बात को लेकर मेरे परिवार वालों ने हम दोनों साथ मारपीट किया वही आगे बताया कि मेरी भगिनी का बगल के गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग है। 5-6 महीना पूर्व मेरी बहन गुमला थाना में केस कर उसे जेल भेजवा दिया वहीं युवक अब जेल से निकलने वाला है चार-पांच दिन पूर्व गांव में बैठक हुई जिसमें समझौता हुआ और दोनों परिवारों के बीच शादी को लेकर सहमति बनी। जब तक युवक जेल से निकलता और लड़की की उम्र 18 साल हो जाएगी तब तक लड़की अपने मामा के यहां रहेगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया इसके बाद लड़की अपने मामा के यहां रहने लगी। इसी बीच घायल युवक के परिवार ने सोमवार की देर शाम दोनों पति-पत्नी पर हमला कर दिया और उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया

## रसोइया संयोजिका संघ की बैठक आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश रसोइया संयोजिका संघ की बैठक मंगलवार को संत जोसेफ मैदान कोनबीर नवाटोली में जसिंता बरला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 3 दिसंबर को रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में होने वाली महान जुटान सम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। प्रत्येक रसोईया संयोजिका एवम अध्यक्ष को संघ का सदस्य बनाकर सम्मेलन में भागीदारी होने का निर्णय लिया गया।मौके पर कुस्मिता मिंज ज्योति मिंज भानुमति देवी बिनीता टोप्पो रेलिरोश नूतन पुष्पा मालती देवी सहित कई रसोइया उपस्थित थे।

## सीएम आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता मैच शुरू



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के बक्तर साय मुंडल सिंह स्टेडियम में मंगलवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुरूआत किया गया। मुख्य अतिथि उपप्रमुख दीपक कुजूर के द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं किक मारकर मैच का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि मैच को खेल भावना से खेलें। इसे आपसी भाइचारा बढ़ती है। उदघाटन मैच कुड़ोछतरपुर बनाम सुरसांग पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें कुड़ोछतरपुर की टीम 1-0 से विजयी हुआ। आयोजन समिति के संयोजक नॉर्बट कुजूर ने बताया कि प्रखंड में सभी पंचायतों के बीच मैच कराया जा रहा। जो 28नवंबर से 6 दिसंबर तक मैच होगा। इसमें विजेता टीम प्रखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए जिला जाएगी। मौके पर अनुप बाड़ा,संदीप टोप्पो, प्रिंस एक्का, सुजीत टोप्पो, नवीन एक्का और खेलप्रेमी मौजूद थे।

# सामूहिक लंगर के साथ प्रकाश पर्व संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गुरु पूर्णिमा सह गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर जशपुर रोड स्थित गुरु सिंह गुरुद्वारा गुमला में सोमवार को गुरु ग्रंथ साहिब की अरदास, सबद कीर्तन, सुख मनी पाठ, सहज पाठ और सामूहिक लंगर के साथ प्रकाश पर्व संपन्न हो गया। एसपी हरविंदर सिंह और न्यायिक पदाधिकारियों ने गुरु द्वारा में माथा टेका और लोगों के सुख शांति समृद्धि के लिए गुरु ग्रंथ साहिब से प्रार्थना की।

बाबा सूरज सिंह के नेतृत्व में अरदास, सामूहिक सबद कीर्तन और सहज पाठ का आयोजन किया गया। गुरु नानक कलियुग आया, मिट्टी धुंध जग चानन होआ ... अवल एकला नूर पाया कुदरत के सब बंदे, एक नूर पे सब जग उपजा कोन भले कोन मंदे .. आदि बोल पर सामूहिक सबद कीर्तन किया गया। भोग लगी और प्रसाद का वितरण किया गया। प्रबंधन समिति की ओर से एसपी हरविंदर सिंह व उनके परिवार तथा जिला जज दुर्गेश चंद्र अवस्थी अवस्थी, संजीव भाटिया, एम कुनाल आदि को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। स्वागत करने वालों में गुरुद्वारा कमेटी के सचिव रंजित सिंह सरदार, दिलदार सिंह, कुलदीप सिंह, गगनदीप सिंह आदि के नाम शामिल हैं। सचिव रंजित सिंह ने कहा कि गुरुनानक देव ने जाति धर्म से ऊपर उठकर सामाजिक समरता का संदेश दिया था। उनके विचारों को आत्मसात करते हुए उनके जन्म दिन को प्रकाश पर्व के रूप में मनाते हैं और सामूहिक लंगर का आयोजन होता है। लंगर में शहर के सभी धर्म समुदाय के लोग काफी संख्या में भाग लिए और प्रसाद ग्रहण किया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक हुए घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझा टोली सुरसांग रोड स्थित चर्च के समीप अज्ञात बोलेरो के टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना में टुडूरमा निवासी 18 वर्षीय महेश खेरवार का एक पैर टूट गया वहीं शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी बाइक महेश ही चल रहा था। जबकि पीछे बैठे टुडूरमा निवासी 20 वर्षीय गौतम साहू को कमर व शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी है। घटना की जानकारी पर परिजनों द्वारा दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक से रामरेखा मेला देखने सिमडेगा जा रहे थे। तभी मांझा टोली सुरसांग रोड स्थित चर्च के समीप सामने से एक अज्ञात बोलेरो टक्कर मार कर घटना स्थल से फरार हो गया।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# अबुआ आवास के लिए मिले 760 आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड प्रशासन ने लकेया गांव स्थित स्कूल मैदान में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किया। शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 760 आवेदन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में विधायक जिग्गा सुसारन होरो,एसडीओ राजीव नीरज,जीप अध्यक्ष किरण बाड़ा,प्रमुख मीना देवी ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों के बीच लाखो रुपया की परिसंपत्तियों का वितरण किया। विधायक ने कहा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले कई ऐसे लोग होते हैं जो जानकारी के अभाव में सरकारी लाभ से वंचित रह जाते हैं। समाज के वैसे अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

एसडीओ राजीव नीरज ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए आवेदन जमा करने की अपील किया साथ ही कर्मियों को फॉर्म भरने में ग्रामीणों की मदद करने का निर्देश दिया। शिविर में कंबल,धोती साड़ी, बच्चों के बीच स्वेटर, छात्राओं को साइकिल और महिला मंडल को ऋण के लिए राशि का वितरण किया गया।

मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, प्रकाश उरांव, बीससूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, मुखिया सुगिया देवी,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता मिंज,सीडीपीओ सुधा सिन्हा,बीईईओ जोहानी टोप्पो, बीपीएम रिजवाना, बीपीआरओ संतोष भगत, बीपीओ गीता कुमारी,शैलेश प्रसाद,डॉ अभिनव कुमार, मिखन टोप्पो, संत साहु, आलोक मिश्रा, बजरंग साहु, निधि कुमारी, पृथ्वीराज सिंह, प्रशांत उरांव, सहित प्रखंड सह अंचल सहित सभी विभागों के कर्मी व जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## डोंबा गांव में हुआ आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत डोंबा गाँव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्धघाटन विधायक जीग्गा सुसारण हॉरो द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फिता काटकर किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विधायक द्वारा अबुआ आवास योजना एवं लोक कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं और अधिक से अधिक लाभ लेने पर बल दिए। माननीय विधायक द्वारा 60 वृद्ध महिला एवं पुरुष को कंबल दिया गया । जॉब कार्ड का वितरण , स्कूली छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण के तहत 4500 का डमी चेक नेहा कुमारी, सुसान उरांव, प्रतिमा उरांव, करुणा कुमारी, कीर्ति कुमारी को विधायक द्वारा दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा अंश प्रमाण पत्र का वितरण सविता देवी, कौशल्या देवी, लाली देवी मनीता देवी, निखत खातून तथा सीसीएल के तहत 150000 रुपया का बैंक लिंकेज राशि किरण आजीविका सखी मंडल तथा गुलाब महिला मंडल डोंबा को दिया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना की तरफ से गोद भराई का कार्यक्रम मुंह झूठी किया गया। मौके में जिला से आए हुए पदाधिकारी एलआरडीसी श्रीमती सागरी बराल, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, प्रखंड कृषि राम कृष्ण ओहदार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी दो अमरेश नारायण सिंहा सहित प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में आम जनता उपस्थित थे।

# सावरिया ग्राम को किया गया बाल विवाह मुक्त घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में गुमला प्रखंड अंतर्गत बसुवा पंचायत के ग्राम सावरिया गांव मे ग्राम प्रधान की अध्यक्षता मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मुखिया बरती देवी महिला सुपरवाइजर जुली किरण, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के जिला समन्वयक मिथिलेश कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान रिसा उरांव, पहान शंकर उरांव, वार्ड सदस्य महरंग उराँव, सेविका बसंती उरांव, चन्द्र मनी तिर्की , स्वस्थय सहिया रेणू देवी, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सपोर्ट पर्सन कमला कुमारी, जया सेन गुप्ता कौनसेलर धनमैत सिंह फिल्ड फैसलीटेंटर बालो कुमारी व ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के संकल्प लिया साथ ही बाल मजदूर, बाल व्यापार, बाल यौन शोषण पर रोकथाम करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों के साथ चर्चा-परिचर्चा कर सर्वसम्मति से नियमावली तैयार किया गया जिसमे गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। गांव के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा।

गांव में किसी भी बच्चे से मजदूरी का काम नहीं कराया जाएगा। साथ ही उचित सहायता के लिए संबंधित विभाग से जोड़ा जाएगा।गांव में किसी भी लड़की की शादी 18 वर्ष और लडका की शादी 21 वर्ष से पूर्व नहीं किया जाएगा।

उपर्युक्त नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के नियम अनुसार करवाई किया जाएगा। साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा सभी नियमों को शक्ति के साथ पूरे गांव में लागू करने का प्रस्ताव किया गया और सभी ग्रामीण परिवारो को नियमो का पालन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अनुमोदन किया गया। वही गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम घोषित किया गया। बच्चों को पुरुस्कार देकर भी समानित किया गया।ज्ञात हो कि लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान द्वारा जिले में चल रहे सक्सेस टू जस्टिस (न्याय तक पहुंच) कर्यक्रम मई 2023 से चलाया जा रहा है जिसमे 7 प्रखंडों के 150 गांवों में जागरूकता का कार्य कर रही है जहाँ बाल विवाह मुक्त गांव ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में घोषित किया जा रहा है।

# उपायुक्त ने किया शिविर का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में आयोजित ₹आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम के तीसरे दिन पालकोट प्रखंड के बघिमा पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण करने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी पहुंचे।

**उपायुक्त ने किया परिसंपत्ति का वितरण :** इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों से परिसंपत्ति का वितरण किया।सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 छात्राओं के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसी प्रकार 5 लाभुकों के बीच साइकिल का वितरण किया गया, 24 लाभुक गुरुजी क्रेडिट कार्ड से अच्छादित हुए।इस दौरान 97 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया वहीं 75 लाभुकों को सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना का लाभ मिला। इसके अलावा मनरेगा से मजदूरों को जॉब कार्ड, किसानों को पौधा वितरण किया ।

## दिव्यांग बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग घाघरा द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में सरकारी विद्यालयों के 6-14 वर्ष तक के आयुवर्ग के दिव्यांग बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्विज, निबंध, रंगोली, नृत्य, गीत व चित्रांकन का आयोजन हुआ। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने बताया कि सरकारी विद्यालयो में अध्यनरत 6-14 वर्ष के आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के बीच एनवायरमेंटल बिल्डिंग के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोनू कुमार, क्विज में प्रियांशु कुमार सिंह, गीत में रितु कुमारी, नृत्य में गीता कुमारी, निबंध में किरण कुमारी और रंगोली में प्रदर्शनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही सभी प्रथम स्थान पर आने वाले छात्रों को विभाग द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षा विभाग के बीआरपी, सीआरपी शिक्षक-शिक्षिका कई लोग उपस्थित थे।

# गुमला रेंजर के भ्रष्टाचार की हो उच्च स्तरीय जांच

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जंगल बचाओ अभियान समिति, गुमला रेंज एरिया के कार्यकताओं ने गुमला के रेंजर द्वारा किए गए भरष्टाचार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। धरने में गुमला रेंज एरिया के कार्यकताओं ने भ्रष्ट अधिकारियों की तीन दवाईः लाथम, जूतम और पिटाई के नारे लगाए, और गुमला रेंजर के द्वारा की गई घपले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। जांच को लेकर जिला मुख्यालय गुमला में एकदिवसीय वृहद धरना का आयोजन किया गया। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित माले के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण जंगल की कटाई तेजी से हो रही है और जंगल पहाड़ मिट्टी व पत्थर ढेर में तब्दील होते जा रही है। उन्होंने गुमला रेंजर का कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वृक्षारोपण व चेकडैम इत्यादि कार्यों में भारी गड़बड़ी कर करोड़ों रुपए कि घपला की गई है। 4 साल से रेंजर गुमला में जमे हुए हैं और वन विभाग की योजनाओं को उन्होंने अपना पॉकेट भरने का साधन बना लिया है, जिसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। वहीं भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला सचिव प्रकाश उरांव ने कहा कि गुमला रेंज एरिया में वृक्षारोपण, चेकडैम इत्यादि योजनाओं में विवरणी बोर्ड नहीं लगी है। कार्य को देखने वाले फॉरेस्टर व गार्ड को भी पता नहीं है की योजना का प्राक्कलन क्या है। महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने अपने संबोधन में कहा है कि गुमला रेंजर की कार्य प्रणाली नहीं सुधरी तो 15 दिनों के बाद झाड़ू मार कार्यक्रम करने को वन क्षेत्र की महिलाएं बाध्य होगी । धरना कार्यक्रम के उपरांत वन संरक्षक प्रादेशिक आंचल गुमला को उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई संबंधी मांग पत्र सौंप गई है धरना कार्यक्रम में जंगल बचाओ अभियान समिति के प्रभारी रोपना उरांव पार्टी के वरिष्ठ नेता आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू, सोमरा खड़िया, शंकर उरांव, भैयाराम उरांव, संजय उरांव, शीतल उरांव, मालती देवी, सुनीता देवी, कुसमा मिंज के अलावे काफी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# 5 महीने के बच्चे के लिए युवक ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव के पवन कुमार ने रानी चिल्ड्रेन्स अस्पताल अस्पताल राँची में इलाजरत भनी वर्मा के दूध मुहे बच्चे के लिए रक्तदान किया। यह बच्चा गुमला घाटो बागीचा का रहने वाला है। पिछले 2 महीने से अस्पताल में ईलाजरत है। जब बच्चे को ब्लड की जरूरत थी और राँची में बहुत लोंगो से संपर्क करने पर कुछ समाधान नहीं हुआ, उसके बाद मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा को मिशन बदलाव के सदस्यों से पता चला कि बच्चे को बल्ड की जरूरत है और उन्होंने मिशन बदलाव के राँची के लिए पवन कुमार से मदद मांगी और पवन ने स्थिति के गम्भीरता को देखते हुए तुरंत सेवा सदन राँची में जाकर रक्तदान किया और उनके परिजनों को विस्वास दिलाया कि कभी भी और भी अन्य चीजों का जरूरत हो तो जरूर समपर्क करें और पवन कुमार ने कहा कि किसी अनजान लोंगो और जरूरतमंद की मदद करने से दिल को सुकून मिलता है और लगता है कि हमारा जीवन का मूलभूत उद्देश्य पूरा हो रहा है और किसी के चेहरे के मुस्कान आपकी जीवन के सभी महत्वपूर्ण पल होते है।उहोंने ने कहा कहा कि हमारा संगठन का मुख्य उद्देश्य सभी जाति सभी धर्मों के लोंगो का सेवा करना है और कहा कि रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। अतः हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

# नीलांबर पीतांबर विवि में आजसू ने की तालाबंदी

**पदाधिकारी अपने मनमाने तरीके से चला रहे विश्वविद्यालयः अभिषेक राज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज के नेतृत्व मे विश्वविद्याल मे तालाबंदी कर कई घंटो तक बैठे रहे। मौके पर छात्रों द्वारा मांग किया गया कि स्थायी कुलपति और प्रतिकुलपति की नियुक्ति जल्द हो। जेएस कॉलेज के कुछ शिक्षको पर कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट मिलने के बाद भी कार्यवाही क्यों नहीं। कुलपति एनपीयू के साथ सौतेला व्यवहार बंद करे। हफ्ते मे दो दिन उपस्थित होना होगा। कुलपति के विश्वविद्यालय मे ना होने के कारण पदाधिकारी अपने मनमाने तरीके से विश्वविद्यालय मे आते है। सभी सत्रों को नियमित करो।सभी सत्रों के परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करो। तीन महीने से अधिक समय परीक्षा लिए हो चुका मगर परीक्षा परिणाम क्यों नहीं?। बिना यूजी 2020-23 के फाइनल रिजल्ट के पीजी 2023-25 का नामांकन किसके लिए?। छात्र संघ का चुनाव कब तक?। छात्र संवाद स्थापित करो। छात्रों ने विवि के कुलानुशासक के आश्वासन के बाद वार्ता कर आंदोलन को समाप्त किया। अभिषेक राज ने कहा कि विश्वविधालय भगवान भसोरे ही चल रहा है यहां कहने सुनने वाला कोई नहीं है। कुलपति और प्रतिकुलपति की नियुक्ती नहीं होने के कारण विश्वविधालय के पदाधिकारी मनमाने ढंग से विश्वविधालय चला रहे है। राहुल कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी सत्रों का परीक्षा परिणाम अधर पर लटका हुआ है। पदाधिकारी क्या काम करते है मालुम ही नहीं चलता है। विश्वविधालय की स्तिथि बहुत ही दयनीय होती जा रही है। बिपिन शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्याल के प्रभारी कुलपति विश्वविधालय के साथ पर सौतेला व्यवहार कर रहे है। कब आते है और कब जाते है इसका अनुमान कोइ नहीं लगा सकता। मौके पर समीर, सौरव, अमित, गौरव सहित दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

# अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना प्रशासन का लक्ष्यः उपायुक्त

**पलामू जिले के विभिन्न पंचायत में लगाए गये शिविर में 14149 आवेदन प्राप्त हुए**

**'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत उपायुक्त पहुंचे पांकी के आसेहार पंचायत**



**मेदिनीनगर।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक पदाधिकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचना स्थानीय प्रशासन का लक्ष्य है। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहने पाये, इसका हर संभव प्रयास किया जा रहा है। डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं यथा सर्वजन पेंशन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सोना-सोबरन, सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद व्यक्ति को आच्छादित करने का कार्य हो रहा है। उन्होंने आमजनों से भी अपील किया कि वह आगे आकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले और सबल बनें। डीसी, डीडीसी सहित अन्य पदाधिकारी ने शिविर में लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया।

डीसी ने कहा कि सभी समन्वय के साथ कार्यो को बेहतर तरीके से निष्पादित करें। कोई भी लाभुक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहने पाए। डीसी ने ठंड को देखते हुए कम्बल, धोती-साड़ी लूंगी, स्कूली बच्चों को पोषाक आदि परिसंपत्तियों का वितरण किया।

मौके पर पांकी के बीडीओ राजकुंवर सिंह ने स्थानीय ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का अधिक-से-अधिक लाभ लेने की अपील की। पलामू जिले के विभिन्न पंचायत में लगाए गए शिविर में 14149 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 372 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। पांकी में आयोजित शिविर में 825 आवेदन प्राप्त हुए हैं, इसमें कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। 24 बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म दिया गया। 10 बच्चों के बीच निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया तथा 22 आवेदन गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए गए। आयोजित कार्यक्रम में मुखिया देवसागर राम, उप मुखिया अमित शर्मा, पंचायत समिति सदस्य बालेश्वर राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रखंड और जिला स्तरीय पदाधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

# विवि अधिकारी विहीन होने की वजह से छात्रों का भविष्य अधर में: विनीत

**एनपीयू से छात्रों को समय पर नहीं मिल रही डिग्री और माइग्रेशन का प्रमाण पत्र**

**विवि प्रशासन के विरुद्ध विद्यार्थी परिषद जल्द ही बड़े आंदोलन की तैयारी करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद के द्वारा विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता के संम्बंध में बैठक किया गया। बैठक में परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। विश्वविद्यालय अधिकारी विहीन होने की वजह से छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। विश्वविद्यालय में अधिकारियों की उपस्थिति नग्णय हैं,अधिकारियों की उपस्थिति नहीं होने की वजह से छात्र डिग्री और माइग्रेशन के लिए रोज विश्वविद्यालय दौड़ते हैं, परंतु विश्वविद्यालय के अधिकारी और पदाधिकारी को छात्रों के भविष्य से कोई मतलब नहीं है। अधिकारी विहिन विश्वविद्यालय में कई शैक्षणिक अराजकता है परंतु छात्रों की बातों को सुनने वाला इस विश्वविद्यालय में कोई भी नहीं है। परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि परीक्षा विभाग में शैक्षणिक अराजकता एवं पैसे का दोहन लगातार व्याप्त हैं। एनसीसीएफ नामक कंपनी लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन ऐसी कंपनियों पर लगाम लगाने में असमर्थ हैं। वर्तमान विवि के अधिकारी और पदाधिकारी छात्रों को समय पर डिग्री और माइग्रेशन देने में भी असमर्थ हैं। विश्वविद्यालय की स्थिति दयनीय होने की वजह से छात्रों में विश्वविद्यालय के प्रति रोष की भावना है। विद्यार्थी परिषद ऐसी स्थिति में बड़े आंदोलन की तैयारी करेगी जिसकी जिम्मेवारी सिर्फ विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुवेर्दी ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिकारी विहीन होने की वजह से छात्रों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में समर्थ हैं, न समय पर प्रवेश है न परीक्षा है न परिणाम हैं,छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ हैं। विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय में शिक्षकों की घोर कमी हैं। विश्वविद्यालय अधिकारी विहीन है छात्रों के भविष्य के बारे में सोचने वाला कोई भी नहीं है ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध विद्यार्थी परिषद जल्द ही बड़े आंदोलन की तैयारी करेगी। उक्त अवसर पर परिषद के सोशल मीडिया प्रमुख रोहित देव दुबे, प्रदेश खेलकूद का प्रमुख अभय वर्मा, प्रदेश लॉज प्रमुख रामाशंकर पासवान, विभाग संयोजक गोविंद मेहता, जिला संयोजक सुमित पाठक,जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, गितांजली कुमारी, रोहित गूप्ता, नितीश दूबें, राहूल कूमार चेरो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# इंजीनियरिंग के विद्यार्थी को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ

**आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पूर्ण की गई आवश्यक प्रक्रिया**

**उच्च शिक्षा में होगी सुविधा, आर्थिक कमी से नहीं छूटेगी पढ़ाई**

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण दिया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत आज सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाड़ीह पंचायत भवन में आयोजित शिविर के दौरान रजवाड़ीह गांव निवासी रामाशीष प्रसाद के पुत्र शुभम कुमार को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब जल्द ऋण मिलेगी। शुभम द्वारा शिविर में स्टूडेंट इनफॉरमेशन रिक्वेस्ट फॉर्म भरकर जमा किए जाने के बाद कैंप में ही ऑन-स्पॉट सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है। बैंक से जोड़कर उन्हें उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर ऋण उपलब्ध हो सकेगा।

छात्र शुभम कुमार ने बताया कि आर्थिक कमियों के कारण उन्हें इंजीनियरिंग की पढ़ाई में समस्या हो रही थी। कर्ज लेने के नौबत थे, लेकिन गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलने से उन्हें पढ़ाई में आर्थिक मदद मिलेगी, जिससे वह पढ़ाई में बेहतर करेंगे। उन्होंने सरकार एवं स्थानीय जिला प्रशासन को धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलने से झारखंड राज्य के विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी मदद मिल रही है। छात्र-छात्राएं जो आर्थिक कमियों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, उन्हें भी आर्थिक सहायता मिल रही है।

विदित हो कि 'आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में निर्धारित तिथि के अनुरूप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों को दिया जा रहा है। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। इसमें 4 लाख तक ऋण पर कोई मार्जिन मनी भी नहीं लगता है। ऋण के लिए प्रोसेसिंग फी भी छात्र-छात्राओं को नहीं देने होते हैं। साथ ही इस योजना के तहत कोई अन्य सिक्योरिटी भी नहीं ली जाती है। इसके लिए छात्र-छात्राओं की पात्रता झारखंड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से दसवीं तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक किया गया है।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत में लगाया गया शिविर

**हुसैनाबाद (आजद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड भवन 16 के प्राथमिक विद्यालय मोहम्दाबाद के प्रशाल में मंगलवार को वार्ड संख्याः 15 और 16 के लोगों के लिये आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत अन्य योजनाओं से संबंधित अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किये गये। कई आवेदकों का ऑन स्पॉट योजनाएं स्वीकृत की गयी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों और बुजुर्गों के बीच कंबल व धोती-साड़ी का वितरण भी किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न स्टॉल पर 249 से अधिक आवेदन प्राप्त किये गए। मौके पर नजीबुल्लाह अंसारी, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश सिंह, रविकांत पटेल, संजीत कुमार समेत कई अन्य कर्मी और स्थानीय प्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बघमनवा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत बघमनवा पंचायत मुख्यालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ विक्रम आनंद, प्रमुख रंभा कुमारी, मुखिया मंजू देवी व समाज सेवी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कहा कि सरकार का हर योजना जनता की भलाई के लिए होता है। प्रमुख रंभा कुमारी ने कहा कि हर योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ लें। शिविर में कई तरह के समस्याओं का आवेदन प्राप्त हुआ। कई समस्याओं का निष्पादन तो ऑन द स्पॉट किया गया। इसके अलावा बघमनवा के विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में 125 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावा अबुआ आवास 35, बिरसा हरी सिंचाई कूप योजना 23, दीदी बाड़ी योजना 10, जॉब कार्ड 35, आयुषमान कार्ड सहित श्रम विभाग के द्वारा 5 प्रवासी मजदूर का निबंधन किया गया, साथ ही हरित बिरसा सिंचाई कूप सर्टिफिकेट का वितरण हुआ। मौके पर बिपीआरओ, मुकेश कुमार, सीआई विकाश पांडेय, प्रखंड कल्याण विभाग पदाधिकारी इसफाक अहमद, लेखापाल अंकित कुमार, अनिकेत सिंह, अनिकेत दुबे अमित रंजन अरुण सिंह रवि कुमार संजय कुमार रवि, कई प्रखंडकर्मी, अंचलकर्मी, स्वास्थ्य कर्मी सहित पंचायत प्रतिनिधि व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र के सिमरबार पंचायत अंतर्गत बिजनिवार रा.ऊ.म. विद्यालय परिसर में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 25% मामलों का ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया। 15 स्टॉलों के माध्यम से सभी विभागों ने अलग-अलग योजनाओं की स्टॉल लगाएं गये थे। जहां सैकड़ो लाभुकों ने कतार लगा कर आवेदन पत्र जमा किए और लाभ लिया। अंचल अधिकारी यामुन रविदास के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पहल की गई। उन्होंने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने की अपील की।

**कार्यक्रम में दो महिलाओं को गोद भराई की रस्म की गयीः** छत्तरपुर एलआरडीसी विजय केरकेट्टा, सीओ यामुन रविदास और प्रखण्ड प्रमुख कमला देवी ने बाल विकास परीयोजना के द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म के तहत दो महिलाओं को गोद भराई के साथ एक बच्चे को अन्नप्राशन कराया गया। एलआर डीसी, सीओ और प्रमुख ने गोद भराई रस्म का शुभ कामना देते हुए अधिक से अधिक पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी। सीओ यामुन रविदास ने कई विकलांगों के लिए अपने से स्टॉल पर जाकर पेंशन के लिए स्वीकृति कर सर्टिफिकेट भेंट की।

**कार्यक्रम में एलआरडीसी और सीओ ने पेंशन, चेक, कुप स्वीकृति पत्र सहित कई सामान वितरण किएः** कार्यक्रम में नोडल अधिकारी विनोद रवि, बीपीओ धर्मेन्द्र कुमार, नाजिर ब्रजेश कुमार, जेइ विपिन राय, अंचल अमिन राकेश कुमार, कौशल विकास प्रशिक्षक सिमरन कुमारी, अशोक कुमार, अनिल, पिरामल फाउंडेशन एंड गांधी फॉलो किशन मौर्य, प्रोग्राम लीडर शाहीन, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।




देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in




# सेविका चयन में भारी अनियमितता, ग्रामीणों में रोष, डीसी को लिखा पत्र

**आबादी के बहुलता की जगह अन्य जाती का हुआ चयन**

**मामला हुसैनाबाद प्रखंड के कठौधा गांव में सेविका चयन का**

**चयन के लिए कुल पांच लोगों ने दिया था आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के दरुआ बेनी पंचायत के कठौंधा कला गांव के सैकड़ों अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री झारखंड सरकार और पलामू उपायुक्त समेत अन्य वरीय अधिकारियों को पत्र भेजकर आंगनबाड़ी सेविका चयन में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। वरीय पदाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा है कि इस गांव में पिछड़ी अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी लगभग सत्तर फीसदी है, इस आधार पर अल्पसंख्यक समुदाय की महिला का चयन होना चाहिए था। चयन के लिए बीते 25 नवंबर को ही गांव में स्थित राजकीय उत्क्रमित्त मध्य विद्यालय आम सभा हुई थी। आम सभा को लेकर गांव में कोई प्रचार प्रसार नहीं हुआ था। कठौंधा गांव को दो पोषक क्षेत्र में बाटा गया है। आंगनबाड़ी केंद्र पोषक एक में आता है। इस चयन के लिए कुल पांच लोगों ने आवेदन दिया था लेकिन चयन समिति के अध्यक्ष अंचल पदाधिकारी ने सभी का कागजात देखने के बाद कहा कि सेविका का पद सामान्य जाति का है इसलिये सिंकु सिंह पति मनीष कुमार सिंह का सेविका के पद पर चयन कर दिया गया। जबकि चयनित सेविका सिंकू सिंह के पति सरकारी नौकरी में हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि मुस्लिम बहुल क्षेत्र होने के बाद भी सामान्य जाति की महिला का चयन गलत हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने गलत ढंग से चयनित सेविका को निरस्त करते हुए पुनः आमसभा बुलाकर निष्पक्ष तरीके से सेविका चयन करने की मांग की है।






# तीन अपराधी गिरफ्तार, देसी कट्टा और गोली बरामद

**बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकिल से हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** गुप्त सूचना पर ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के काली पल्सर मोटरसाइकिल के साथ तीन लोगों को एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया है। इस बाबत मंगलवार को बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने पत्रकार वार्ता का आयोजन कर बताया कि सोमवार को ईस्ट बसूरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की ईस्ट बंसुरिया 1 नंबर कॉलोनी में गोधर के कुछ लोग बिना नंबर के मोटरसाइकिल से हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं, जिसके बाद थाना प्रभारी ने दल बल के साथ 1 नंबर कॉलोनी में धावा बोलकर तीन लोगों को एक जिंदा गोली, एक देशी कट्टा और एक बिना नंबर के ब्लैक कलर की पल्सर बाइक के साथ गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोधर निवासी सुकरा चौहान, आकाश कुमार नोनिया और सुनील चौहान ईस्ट बसूरिया 1 नंबर निवासी के रूप में हुई है। पूछताछ में तीनों ने बताया कि ये सभी छोटे स्तर के कोयला चोर हैं और अब बड़ा हाथ मारने के फिराक में थे।

# गौ सेवा के नाम पर अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं दी जायेगी : राजीव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने गौशाला का निरीक्षण किया**



**धनबाद।** झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन धनबाद के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। मंगकवार को उन्होंने बस्ताकोला स्थित झरिया-धनबाद गौशाला पहुंच आयोग की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, समस्याओं और मिलने वाली सरकारी अनुदान की जानकारी ली। वहीं धनबाद सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गौशालाओं और गौ वंश संरक्षण के लिए किये जाने वाले कार्यों की जानकारी पत्रकारों दी। आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि अब गौ सेवा के नाम पर अब किसी को अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। इस राज्य में गौ सेवा आयोग की पहचान सिर्फ और सिर्फ एक अनुदान देने वाली संस्था के रूप में बन कर रह गयी थी। पर जिस दिन से हमलोगों ने पदभार ग्रहण किया उस दिन से हमारी प्राथमिकता है कि राज्य भर में चल रहे 23 पंजियकृत गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना। पहले से सभी गौशाला जनभागीदारी से ही चलते आ रहे हैं। इसी लिए आम जनभागीदारी और ज्यादा बढ़ सके इसके लिए हमारी गौ माता हमारा दायित्व के नाम से एक महत्वपूर्ण योजना आयोग के नेतृत्व में राज्य में लाया जा रहा है। इस योजना से सीधे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की योजना है। सब कुछ सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं चल सकता। हमने फैसला लिया है कि अब गौशालाओं में भी टिका औषधि को अनुदान के रूप में आयोग द्वारा उपलब्ध कराने के लिए सरकार को प्रस्ताव बना कर भेजेंगे। हम एक वेबसाइट बना कर राज्य के सभी गौशालाओं का एक डेटाबेस तैयार करेंगे ताकि विश्व के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति जो कि गौ सेवक बनना चाहता है वे सीधे जुड़ कर गौ सेवा कर सके। इसके प्रचार प्रसार के लिए जन जागरण और छोटी छोटी बैठकें आयोजित कर लोगों को जोड़ने की तैयारी है। इसके अलावे सरकार के साथ आयोग और सभी गौशालाओं के संचालक की बैठक भी रांची में आयोजित होनी है ताकि आगामी योजनाओं का चयन कर उसे जमीनी स्तर पर उतारा जा सके। अध्यक्ष ने कहा कि विडंबना यह है कि राज्य के आठ जिलों में अब भी कोई गौशाला निबंधित नहीं है। इस लिए हम एक ऐसा सिंगल विंडो सिस्टम तैयार करने जा रहे हैं कि अहर्ता रखने वाले जिन गौशालाओं का निबंधन अब तक नहीं हो पाया है उनका निबंधन जल्द से जल्द सुनिश्चित हो। इसके अलावे महंगाई को देखते हुए गौशाला में गौ वंशों की देखरेख के लिए मिलने वाली राशि को बढ़ा कर अब प्रत्येक गौ वंश 150 कर दिया गया है। डबल इंजन की सरकार में किसी को गौ माता का ध्यान किसी को नहीं आया। बस्ताकोला गौशाला में आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष, प्रदेश कांग्रेस सचिव वैभव, झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेस, गौतम, गोपाल, मुरलीधर, सारदा, महेंद्र, द्वारिका गोएनका, शिव खेमका, अनील, राजेश, अजय भारतीय, जितेंद्र उपस्थित थे।

# प्रदूषण के खिलाफ रन फॉर क्लीन एयर का कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** ग्रीन लाइफ और युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण को ले कर मंगलवार को राम लॉज में एक आवश्यक आम बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में शहरवासी और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 दिसंबर को झरिया में शहरवासी प्रदूषण के खिलाफ दौड़ लगा कर रन फॉर क्लीन एयर का कार्यक्रम आयोजित करेंगे। रन फॉर क्लीन एयर के तहत दौड़ चिल्ड्रेन पार्क से शुरू हो कर कतरास मोड़ के नेहरू पार्क में समाप्त होगा। इसके प्रचार प्रसार के लिए जगह जगह होर्डिंग पोस्टर लगाए जायेंगे। बैठक का संचालन डॉ मनोज सिंह और धन्यवाद ज्ञापन अखलाक अहमद ने किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि झरिया में प्रदूषण चरम पर है। इसके खिलाफ जोरदार लड़ाई की आवश्यकता है। आंदोलन को धारदार बनाने और लोगों को जागरूक करने के लिए रन फॉर क्लीन एयर मील का पत्थर साबित होगा। पांडेय ने कहा कि झरिया के प्रदूषण को लेकर जल्द ही उपयुक्त और बीसीसीएल सीएमडी के साथ त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की जायेगी। मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई को धार देने के लिए सभी वर्गों को साथ ले कर चलना होगा। हम सभी को मिलकर कोयला खनन कंपनी के खिलाफ ईमानदारी पुर्वक लड़ाई लड़ना है। डीएमएफटी फंड का उपयोग झरिया का पर्यावरण संरक्षण के लिए होना चाहिए। शिवबालक पासवान ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन गुंडागर्दी पर उतारू हो गया है। प्रदूषण के खिलाफ अब उग्र आंदोलन की जरूरत है। 4 दिसंबर को झरिया के प्रदूषण से संबंधित ज्ञापन दिल्ली में राष्ट्रपति को सौपेंगे। झरिया के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ नरेश प्रसाद ने कहा कि झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं। धूल कण का असर अजन्मे बच्चों के मष्तिष्क को प्रभावित कर रहा है। स्वास समस्या से सम्बंधित मरीज बढ़ रहे हैं। कोल डस्ट से लोगों का रोगप्रतिरोधक क्षमता घट रहा है। बैठक में श्रीकान्त अंबष्ठ, शैलेन्द्र, वीरेन्द्र, पिनाकी, अविनाश, दिलीप, रिंकू, झूलन, अरुण, अनिल जैन, सत्यनारायण भोजगाड़िया, अनूप, मो० कादिर, बीरेंद्र सिंह, मो० शाहनवाज, पिंकू चंद्रबंशी, बीडी मनीष अखलाक खान, जीतेन्द्र दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मजदूरों के लिए कार्यालय मील का पत्थर साबित होगा : महामंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कोयला इस्पात मजदूर पंचायत कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को भटमुरना में महामंत्री अर्जुन सिंह ने फीता काटकर किया। आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए महामंत्री अर्जुन सिंह ने कहा कि यह कार्यालय से गोविंदपुर क्षेत्र और आसपास के मजदूरों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। कोयला इस्पात मजदूर संघ हमेशा मजदूरों के हित में संघर्ष करता रहा है। कार्यालय मजदूरों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जदयू के प्रदेश महासचिव और संगठन के अध्यक्ष दीप नारायण सिंह ने कहा कि कोयला इतिहास कोयला इस्पात मजदूर का इतिहास ही रहा है मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ना। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय सचिव राजीव रंजन त्रिवेदी, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, अवधेश सिंह, अशोक दास, गंगा प्रसाद शर्मा, सुभाष सिंह, गौतम गोप, शेखर कुमार, सुभाष सिंह, प्रिंस कुमार, कुंदन कुमार सहाय आदि उपस्थित थे।

**30 नवंबर से पूर्व भाजपा नेता व जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष करेंगे अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन**

# आपराधिक वारदातों के खिलाफ मिला सामाजिक व राजनीतिक पार्टियों का साथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** लगातार धनबाद में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं के खिलाफ भाजपा के पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य सह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष समाजसेवी कृष्णा अग्रवाल आगामी 30 नवंबर से गांधी सेवा सदन में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन पर बैठेंगे। यह जानकारी उन्होंने मंगलवार को धनबाद क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जिले के व्यवसाईयों द्वारा हड़ताल के बाद भी अपराधी घटनाएं नहीं रुकी है बल्कि फोन पर व्यवसाईयों को धमकी देना और रंगदारी मांगना और बढ़ गया है। कहा कि इस मामले में राज्य की सत्ताधारी हेमंत सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार भी आरोप के घेरे में आ रही है। इसी वजह से हमने पिछले दिनों भाजपा से अपना त्यागपत्र दे दी। उन्होंने कहा की धनबाद जिले के व्यवसायी हमेशा खतरे के घेरे में है। सुबह घर से निकलने के बाद वापस शाम को घर पहुंचेंगे या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं। धनबाद के उपायुक्त और एसएसपी संजीव कुमार ने आश्वासन दिया था की रंगदारी रुक जायेगी। उन्होंने बताया कि हेमंत सरकार के साथ-साथ अब मामले को लेकर भाजपा भी घेरे में आ रही है।प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान जिला के कई समाजसेवी व व्यवसायिक संगठन और कई राजनीतिक दल के लोगों ने भी अग्रवाल के इस आंदोलन को अपना समर्थन देने की घोषणा की। इस दौरान डीएन सिंह( आम आदमी पार्टी) उदय सिंह, (भारतीय जनतंत्र मोर्चा) अशोक सिंह (झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन) सुरेश अग्रवाल, (मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड) ललित झुनझुनवाला, (धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन) प्रमोद गोयल एवं लोकेश अग्रवाल (बैंक मोर चैंबर) जितेंद्र अग्रवाल (कृषि बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स) प्रेम कुमार गंगेश्वरिया, (मोटर डीलर एसोसिएशन), धीरज दास (धनबाद जिला केमिस्ट ड्रजिस्ट एसोसिएशन) अधिवक्ता मोहम्मद आजाद अली, चूना (प्रमुख जागो सामाजिक संस्था) गौतम (मंडल समाज) रणजीत सिंह और बबलू सिंह( यादव महासभा) विनय, बंटी राय, मुन्ना पाठक उपस्थित थें।

# बोकारो स्टील प्लांट को मिला 23वां ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में प्रतिष्ठित 23वां ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार-2023 जीतकर अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली है। मंगलवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) के सेमिनार हॉल में सीजीएम (एसएमएस-11&सीसीएस) अरविंद कुमार ने वर्ष 2023 के ग्रीनटेक फाउंडेशन पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार, अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी को सौंपा। 23-24 नवंबर, 2023 को सोनमर्ग, जम्मू और कश्मीर में निर्धारित 23वें वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण शिखर सम्मेलन-2023 के दौरान बोकारो स्टील प्लांट के प्रतिनिधि के रूप में सीजीएम (एसएमएस-11&सीसीएस) अरविंद कुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त किया था। उल्लेखनीय है कि 07 नवंबर, 2023 को जूरी सदस्यों के सामने नितेश रंजन, सहायक महा प्रबंधक (पर्यावरण) द्वारा प्रस्तुति दी गयी थी और जूरी के सदस्यों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का समाधान महा प्रबंधक (पर्यावरण) एनपी श्रीवास्तव ने किया था। जूरी पर्यावरण संरक्षण के लिए बोकारो स्टील प्लांट की गतिशील पहल और स्टील निर्माण के टिकाऊ तरीकों को अपनाने के प्रयासों से काफी प्रभावित हुई। दायर आवेदन और दी गयी प्रस्तुति के आधार पर जूरी सदस्यों ने बोकारो स्टील प्लांट को पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विजेता घोषित किया था। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने बीएसएल समूह को बधाई दी तथा सभी से सर्कुलर इकोनॉमी, पर्यावरण के सिद्धांतों को सुनिश्चित करने और उत्पादन की सभी गतिविधियों में ऊर्जा संरक्षण की अपील की।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**
पत्रांक 1906/ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–28.11.2023

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/17/2023-24/RE-1 में वर्णित कार्य नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन जिसका PR. NO. 311615 Rural Development (23-24):D द्वारा प्रकाशित निविदा में निवदि की शर्तों में संशय के स्थिति में हिन्दी शर्त मान्य होगें।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR 312146 Rural Development(23-24)D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची**
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001
ई–मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com
फोन नं० – 0651–3512781

पत्रांक................../ **शुद्धि–पत्र** राँची, दिनांक ........./........./2023

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक –978 दिनांक–22.11.23 द्वारा PR No.311818 Minor Irrigation (23-24)*D दिनांक 24.11.2023 से प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया गया है:–

| क्रमांक | विवरण | पूर्व में अंकित योजना का नाम एवं तिथि | संशोधित योजना का नाम एवं तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Name of work | Residual work of construction of Single Cheek Dam on Bundubera Nala, Block - Namkum, Dist. Ranchi | Construction of Single Cheek Dam on Bundubera Nala, Block - Namkum, Dist. Ranchi |
| 2 | Date of Publication of E-Tender on Website | 28/11/2023 at 2.00 pm | 04/12/2023 at 2.00 pm |
| 3 | Last date for /Time for submission of e- Tender BID's | 21.12.2023 up to 5:00 pm | 28.12.2023 up to 5.00 pm |
| 4 | last date for online Submission of Tender fee and EMD | e- Procurement Portal (Jharkhandtenders.gov.in 21.12.2023 up to 5:00 pm | e- Procurement Portal (Jharkhandtenders.gov.in 28.12.2023 up to 5:00 pm |
| 5 | Date of opining Tender | 23.12.2023 at 2:00 Pm | 30.12.2023 at 2:00 Pm |

निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत् रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची

PR 312107 (Minor Irrigation)23-24*D

**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा।**
Email Id- sportskoderma17@gmail.com

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1016 राँची, दिनांक 08.11.2023 के आलोक में **दिनांक 28.11.2023** को **बिरसा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा में** जिला स्तरीय **Thematic Competitions/ activities** से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित किया गया था।

अपरिहार्य कारण से उक्त प्रतियोगिता का कार्यक्रम संशोधित कर **दिनांक 12–12–2023 के अपराह्न 01:00** से **बिरसा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा में** निर्धारित किया जाता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं का विवरण निम्नवत् है :–

| Component | Sr. No. | Activity |
|---|---|---|
| Culture | 1 | Group Folk Dance |
| | 2 | Group Folk Song |
| | 3 | Solo Folk Dance |
| | 4 | Solo Folk Song |
| Life Skill | 5 | Story Writing |
| | 6 | Poster Making |
| | 7 | Declamation |
| | 8 | Photography |
| Thematic | 9 | Thematic Competitions State Specific Theme |
| | 10 | Any Government entry on given theme |
| Yuva Kriti | 11 | Handicraft |
| | 12 | Textile |
| | 13 | Agro Products |

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवा **दिनांक 09.12.2023 के अपराह्न 2:00 बजे तक** निम्नांकित प्रपत्र में भरकर अपना आवेदन कोडरमा समाहरणालय अवस्थित जिला खेल कार्यालय, कोडरमा Email Id- sportskoderma17@gmail.com/नेहरू युवा केन्द्र, कोडरमा Email Id- nykkoderma@gmail.com/राष्ट्रीय सेवा योजना कोडरमा, में जमा कर सकतें है।

| Sr.No. | Name | Father's Name | Aadhar No. | Mobile No. | Address | Event Name | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, कोडरमा के मोबाईल नं0– 7992284418, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) कार्यालय, कोडरमा के मोबाईल नं0– 7985595871, नेहरू युवा केन्द्र (NYK), कोडरमा के मोबाईल नं0– 7717792905 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा

PR **312090** (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 23-24 (D)

**कार्यालय,**
**वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित राज्यसात वाहनों को जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर बिक्री हेतु मोहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13.12.2023 को 12:30 बजे अपराहन तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 01:30 बजे अपराहन् में खोली जायेगी।

निलामी हेतु अधिहरित (Confiscated) सूचीबद्ध वाहनों के मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि इस न्यायालय द्वारा पारित राज्यसात आदेश के विरूद्ध सुनवाई हेतु किसी न्यायालय/ अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन हो या वाहन के निलामी से आपति हो तो सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अन्दर अपना दावा स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य के साथ कार्यालय अवधि में प्रस्तुत करेंगे । यदि सूचना प्रकाशन के उपरान्त दो दिनों के अन्दर अधिहरित (Confiscated) वाहनों पर कोई दावा इस कार्यालय में प्राप्त नहीं होगा तो यह समझा जाएगा कि किन्हीं को अधिहरित (Confiscated) वाहन की निविदा द्वारा बिक्री करने पर कोई आपति नहीं है। निविदा द्वारा वाहन बिक्री किये जाने के पश्चात किसी भी वाहन पर प्रस्तुत दावा मान्य अथवा स्वीकार्य नहीं होगा।

निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्त्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं ।

**वाहनों की सूची**

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/ ईजन संख्या | वन वाद सं0 | राज्यसात सं0 | वाहन जहाँ रखा है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | टाटा 407 चे0 सं0 3570101, 50818864, E497SP21/902.65370 | 462/2016 | 65/2016 | बरही प्रक्षेत्र |
| 2 | ट्रक 407 बिनानम्बर का | 694/2018 | 03/2019 | बरही प्रक्षेत्र |
| 3 | पिकअप भान संख्या JH 12C 2119 | 347/2018 | 47/2018 | बरही प्रक्षेत्र |
| 4 | टाटा 207 संख्या JH 02M 1699 | 103/2017 | 45/2017 | बरही प्रक्षेत्र |
| 5 | महिन्द्रा ट्रैक्टर इंजन संख्या M&M(TD)C05552888R1 चे0 संख्या 751046R5 डाला सहित | 18/2021 | 02/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 6 | इन्डो फार्म ट्रैक्टर इंजन संख्या C324306264NT चे0 संख्या CNT3035006135 डाला सहित | 58/2021 | 04/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 7 | बजाज मोटरसाईकल डिस्कवर संख्या JH 02R 3747 | 1479/2022 | 22/2022 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 8 | टाटा टरबो संख्या JH 01F 5299 | 367/2020 | 19/2020 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 9 | बोलेरो मैक्स पिकअप जूनियर 2WDMA1RZ2GAA81K53109GA81K26458 | 667/2020 | 24/2020 | प्रमंडलीय कार्यालय |
| 10 | पॉवर ट्रैक ट्रैक्टर 434 Engine No. T9920001008H Ch. No. T77010010 डाला सहित | 809/2020 | 31/2020 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 11 | पावर ट्रैक्टर ई0 सं0 E3069831 चे0 सं0 B30644568 डाला सहित | 273/2018 | 40/2018 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 12 | आयसर ट्रैक्टर इंजन संख्या 56828426231 | 87/2012 | 04/2012 | अम्बाटोला पुलिस पिकेट |
| 13 | मोटर साईकल इंजन संख्या HA10EA8HM47591 Ch. No. MBLHA10EE8AM30034 | 88/2017 | 44/2017 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 14 | मोटर साईकल संख्या JH 02F 7322 | 46/2009 | 04/2009 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 15 | आयसर ट्रैक्टर ई0 सं0 515029199077 चे0सं0 91501023123 डाला सहित | 76/2018 | 59/2018 | प्रमण्डलीय कार्यालय |
| 16 | टाटा 407 बिना नम्बर का | 501/2019 | 17/2019 | प्रमंडलीय कार्यालय |
| 17 | मारूति भान बिना नम्बर का | 426/2018 | 49/2018 | हजारीबाग प्रक्षेत्र |
| 18 | मारूति भान बिना नम्बर का | 1487/2019 | 41/2019 | हजारीबाग प्रक्षेत्र |
| 19 | महिन्द्रा षक्तिमान ट्रैक्टर ई0 सं0 930CD3946 डाला सहित | 97/2016 | 31/2016 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 20 | ट्रैक्टर ई0 नं0 C324403255NS डाला सहित | 43/2017 | 02/2017 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 21 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर इं0 सं0 T77010010A29C03 डाला सहित | 26/2017 | 55/2017 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 22 | बजाज डिस्कभर मोटरसाईकिल सं0– JH-11F-1057 | 2175/2021 | 60/2021 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 23 | मारूती भैन– BR-23B-7284 | 18/2014 | 03/2014 | प्रमण्डलीय कार्यालय |
| 24 | महिन्द्रा मैक्सी निबंधन संख्या– JH-02S-9920 | 425/2013 | 58/2013 | चौपारण प्रक्षेत्र परिसर |
| 25 | हिरो हौण्डा सी0डी0 डीलक्स अनिबंधित | 12/2016 | 06/2016 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 26 | हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल संख्या– BR-14D-6764 | 554/2015 | 03/2016 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 27 | बजाज मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02E-0942 | 521/2013 | 66/2013 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR.NO.312150 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

## न्यूज रील्स

### मुंबई में ट्रेनी अग्निवीर महिला ने सुसाइड किया

मुंबई। मुंबई में इंडियन नेवी के लिए अग्निवीर की ट्रेनिंग ले रही महिला ने आत्महत्या कर ली। 20 साल की यह ट्रेनी अग्निवीर नेवी के हॉस्टल में रहती थी। उसका शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि वह केरल की रहने वाली अपर्णा नायर थी और पिछले 15 दिनों से ट्रेनिंग ले रही थी। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### ऑटो ड्राइवर्स के बीच पहुंचे सांसद राहुल गांधी

हैदराबाद। तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 28 नवंबर को राहुल ने हैदराबाद के जुबली हिल्स में ऑटो चालकों, गिग वर्कर्स और स्वच्छता कर्मचारियों के साथ बातचीत की। इस दौरान सभी वर्कर्स ने उनके साथ अपनी तकलीफें साझा की। जिसका वीडियो भी सामने आया है। राहुल के साथ पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और जुबली हिल्स से कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद अजहरुद्दीन भी मौजूद थे। अजहरुद्दीन राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं।

### सुरंग की 'कैद' में मजदूरों ने अपने जज्बे को रखा कायम

# खुद को स्वस्थ रखने के लिए किया योगा

- बाहर से बढ़ाया जा रहा था उनका हौसला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सुरंग के भीतर बीते 17 दिन से फंसे मजदूरों को बाहरी दुनिया की मुश्किलों की जानकारी नहीं दी गयी थी। उनका हर वक्त हौसला बढ़ाया जाता रहा, जिससे वह परेशानी महसूस न करें। वह मोबाइल पर गाने सुनते थे। बीएसएनएल के लैंडलाइन फोन से परिजनों से बातचीत भी कर पा रहे थे। परिजनों और भीतर फंसे मजदूरों के बीच संवाद कायम रखने के लिए उन्हें कुछ औपचारिकताएं पूरी करके अंदर जाने की आजादी दी गयी थी। परिजन सुरंग के भीतर जाकर अंदर फंसे अपने लोगों से बातचीत कर पा रहे थे। सबा अहमद के भाई नैयर अहमद ने बताया कि वह जब भी बात करते थे तो उसे समझाते थे कि सबकुछ ठीक चल रहा है। फोन की मदद से सबा की



पत्नी व तीन बच्चों के हालचाल भी उसे लगातार बता रहे थे। बिहार में बैठे परिजन भी सबा का हौसला बढ़ा रहे थे। डॉक्टर की टीम सुबह और शाम दो चरणों में पांच घंटे मजदूरों से बातचीत कर रही थी। डॉ. प्रेम पोखरियाल का कहना है कि वह हर मजदूर की स्वास्थ्य संबंधी समस्या सुनते थे। उसी हिसाब से दवाई भीतर भेज रहे थे। उन्होंने बताया कि मजदूरों को भीतर लगातार ओआरएस का घोल पीने की सलाह दी जा रही थी। उन्हें समय से नाश्ता, लंच, डीनर भी भेजा जा रहा था। उन्होंने बताया कि मजदूरों को पहले एनर्जी ड्रिंक भेजी गयी थी, लेकिन फिर पूरा भोजन दिया गया। मजदूर खुद को स्वस्थ रखने के लिए भीतर ही योगा कर रहे थे। सुरंग के भीतर सुबह-शाम टहल रहे थे। मजदूरों के लिए सोने की परेशानी हो सकती थी, लेकिन सौभाग्य से भीतर जियो टेक्सटाइल शीट थी, जो मजदूरों के सोने के काम आयी। उन्हें वीडियो गेम खेलने के लिए मोबाइल भेजे गये थे।

### मजदूरों के परिजनों का हौसला बनाये हुए हैं पूर्वी सिंहभूम जिला उपश्रमायुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। उत्तरकाशी में दस नवंबर को आये भूकंप से किलियारा टनल में धंसान हो जाने से 41 मजदूर मजदूर सत्रह दिन से फंसे हुए हैं और उन्हें बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पूरा देश इस वक्त उनके सलामती के लिए दुआ कर रहा है और उन कर्मवीरों का हालचाल जानने के लिए प्रत्येक दिन प्रधानमंत्री भी किलियारा टनल से अपडेट लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जो लगातार साइट पर आकर निरीक्षण कर रहे हैं। उन्हें आवश्यक निर्देश भी दे रहे हैं। कई केंद्रीय मंत्री और अन्य राज्यों से मंत्रियों और उच्च अधिकारियों का भी लगातार आने का सिलसिला जारी है। असम, बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश के बड़े उच्च पदाधिकारी उत्तरकाशी में रह कर अपने-अपने राज्य के फंसे मजदूरों का हालचाल जानने के लिए उपस्थित हैं। पांच दिनों से एक मात्र अकेले ही उत्तरकाशी में रह कर झारखंड श्रम नियोजन विभाग के संयुक्त श्रमयुक्त सह जमशेदपुर के उप श्रमायुक्त राकेश प्रसाद सुबह से लेकर शाम तक झारखंड के पंद्रह कर्मवीरों के कुशलता की जानकारी लेकर यहां मौजूद उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी हौसला बनाये हुए है। प्रत्येक दिन स्थिति की जानकारी श्रम विभाग के सचिव राकेश शर्मा को दे रहे हैं, जो मुख्यमंत्री को अवगत करा रहे हैं।

# वर्ल्ड मीडिया में उत्तरकाशी रेस्क्यू पर नजर

- बीबीसी ने लिखा रेस्क्यू टीम को बड़ी कामयाबी मिली, द गार्डियन ने लिखा, रेस्क्यू टीम एक-एक करके 41 मजदूरों को निकाल लेगी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड की सिल्क्यारा-डंडालगांव टनल में 41 मजदूर 17 दिनों से फंसे हैं। उन्हें रेस्क्यू करने की कोशिशें अंतिम दौर में पहुंच चुकी थी। इस बीच मजदूरों के रेस्क्यू की खबरें हमारे पड़ोसी देशों पाकिस्तान और नेपाल के अलावा अमेरिका और ब्रिटेन में भी सुर्खियों में देखने को मिलने लगे।

**बीबीसी (ब्रिटेन)**-भारतीय रेस्क्यू टीम को बड़ी कामयाबी मिली। टीम फंसे हुए मजदूरों के करीब पहुंच गयी है। रैट माइनर्स ने 800 एमएम के पाइप में घुसकर ड्रिलिंग की। सुरंग के अंदर 41 मजदूर फंसे हुए हैं। इन तक पहुंचने के लिए पाइप बिछाने का काम पूरा हो चुका है, लेकिन उन्हें बाहर निकालने में कुछ समय लग सकता है।

**अल जजीरा (कतर)**-उत्तराखंड में 41 मजदूरों को 'जल्द' बचाया जायेगा। 12 नवंबर को 4.5 किमी (2.8 मील) लंबी सुरंग के ढहने के बाद से मजदूर यहां फंसे हुए हैं। यह प्रोजेक्ट मोदी सरकार के चारधाम रोड प्रोजेक्ट का हिस्सा है। फंसे हुए मजदूर रेस्क्यू करने पहुंचे लोगों की आवाज सुन पा रहे हैं। उन्हें खुदाई की आवाज भी आ रही है।

**न्यूयॉर्क टाइम्स (अमेरिका)**-16 दिन बाद भारतीय रेस्क्यू टीम टनल में फंसे मजदूरों तक पहुंची। बार-बार आयी तकनीकी परेशानियों के बाद, भारतीय रेस्क्यू टीम मैन्युअल ड्रिलिंग करके मजदूरों तक पहुंचने वाली है। रेस्क्यू के लिए सुरंग में डाला गया पाइप मजदूरों तक पहुंच चुका है।

**द डॉन (पाकिस्तान)**-भारतीय बचावकर्मी सुरंग में फंसे 41 लोगों को बाहर निकालने की कगार पर हैं। मजदूर निकलने ही वाले हैं। रेस्क्यू के लिए सुरंग में डाला गया पाइप मजदूरों तक पहुंच चुका है। टनल के पास एंबुलेंस मौजूद हैं।

**काठमांडू पोस्ट (नेपाल)**-भारतीय रेस्क्यू टीम 41 मजदूरों को सुरंग से बाहर निकालने के बेहद करीब है। ये मजदूर 2 हफ्तों सुरंग में फंसे हैं। टनल से पानी निकालने के लिए बिछाये गये पाइप से मजदूरों तक ऑक्सीजन, दवा, भोजन और पानी अंदर भेजा जा रहा था।

**द गार्डियन (जर्मनी)**-रेस्क्यू टीम एक-एक करके 41 मजदूरों को निकाल लेगी। उत्तराखंड की सिल्क्यारा-डंडालगांव टनल में 12 नवंबर से ये मजदूर फंसे हैं। 90 सेंटीमीटर (3 फीट) चौड़े पाइप के जरिए स्ट्रेचर पर एक-एक करके उन्हें बाहर निकालने की प्रोसेस में कुछ घंटे लगेंगे।

**सीएनएन (अमेरिका)**-टनल में फंसे 41 मजदूरों को जल्द रेस्क्यू किया जायेगा। रेस्क्यू टीम ड्रिलिंग करते हुए मजदूरों तक पहुंचने वाली है। जल्द उन्हें बाहर निकाला जायेगा। 12 नवंबर को टनल में मलबा गिरना शुरू हुआ तो यह मेन गेट से 200 मीटर अंदर तक भारी मात्रा में जमा हो गया।

**साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (चीन)**- भारतीय रेस्क्यू टीम हिमालयन टनल में फंसे मजदूरों तक पहुंचे की फाइनल स्टेज पर है। ऑपरेशन में बार-बार असफलताओं के बाद, मिलिट्री इंजीनियर्स और माइनर्स ने रैटहोल तकनीक के जरिए खुदाई की। **रॉयटर्स (ब्रिटिश न्यूज एजेंसी)**-खुदाई के बाद मजदूरों तक पहुंची भारतीय रेस्क्यू टीम, मजदूरों को जल्द निकालेगी। रैट माइनर्स के नेतृत्व में भारतीय बचाव दल ने मंगलवार को सुरंग में 17 दिनों से फंसे 41 मजदूरों तक पहुंचने के लिए चट्टानों और मलबे को ड्रिल किया।

### बैपारीगुडा पुलिस थाना अधिकारी के घर विजिलेंस का छापा

# 37.27 लाख रुपये बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**भुवनेश्वर।** बैपारिगुड़ा पुलिस स्टेशन अधिकारी सुशांत कुमार शतपथी विजिलेंस के घेरे में हैं। विजिलेंस ने पुलिस अधिकारी के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर से 500 के नोट के कई बंडल मिले हैं। लगभग 25 लाख रुपये से ज्यादा की रकम जब्त होने की जानकारी मिली है। यह पैसा कटक में स्थित सरकारी क्वार्टर से मिला है। हालांकि सोमवार को बस से आते समय विजिलेंस के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार किया था। विजिलेंस ने उसे तब गिरफ्तार किया, जब वह 2 लाख से अधिक रुपये लेकर कटक जा रहा था। उनके पास से 2 लाख 70 हजार रुपये और बैपारिगुड़ा पुलिस स्टेशन में सुशांत के चैंबर से 1 लाख 80 हजार रुपये जब्त किये गये थे। घर पर छापेमारी के दौरान 3 लाख रुपये जब्त किये गये। विजिलेंस टीम ने कुल 7.5 लाख रुपये जब्त किये हैं। विजिलेंस ने पुलिस अधिकारी को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी रखी है। सुशांत सत्पथी आइआइसी बैपारिगुडा पीएस के स्थानों पर चल रही तलाशी में अब तक उनके पास से 2,70,000 रुपये, बैपरिगुडा पीएस में उनके कार्यालय कक्ष से 1,80,000 रुपये, बैपरिगुड़ा स्थित उनके सरकारी क्वार्टर से 3 लाख रुपये, कटक के बक्सी बाजार में स्थित उनके आधिकारिक सरकारी क्वार्टर से 29 लाख 77 हजार रुपये बरामद किये गये हैं। बरामद और जब्त की गयी कुल नकदी 37,27,000 रुपये है। उन्हें जयपुर सतर्कता कार्यालय में हिरासत में लिया गया है और नकदी के संबंध में उनसे पूछताछ की जा रही है।

### एएसआइ की टीम पहुंची श्रीमंदिर

# मंदिर के रत्न भंडार की शुरू हुई लेजर स्कैनिंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पूरी श्रीमंदिर के रत्नों भंडार की लेजर स्कैनिंग के लिए एएसआइ की टीम पहुंची है। एएसआइ अधीक्षक डीबी गडनायक के नेतृत्व में 15 लोगों की टीम रत्नों भंडार की लेजर स्कैनिंग में सामिल है। टीम में फोटोग्राफी सदस्य भी शामिल हैं। सबसे पहले बाहरी रत्नों भंडार को स्कैन किया जायेगा, फिर मुख्य मंदिर और दूसरी तरफ के देवी-देवताओं को स्कैन किया जायेगा। एएसआइ अधीक्षक डीबी गड़नायक ने इस की दी जानकारी दी। श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने कहा था। उन्होंने बताया कि रत्नों भंडार के साथ मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों की भी स्कैनिंग की जायेगी। हालांकि, मुख्य प्रशासक ने कहा कि तकनीकी समिति लेजर स्कैनिंग रिपोर्ट का मूल्यांकन करने के बाद अगला निर्णय लिया जायेगा।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति अनुगुल की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), अनुगुल की 44वीं बैठक मंगलवार को अमिय कुमार स्वाईं, कार्यपालक निदेशक, नालको की अध्यक्षता में संपन्न हुई। राजभाषा विभाग से पधारे निर्मल कुमार दुबे, उप निदेशक, पूर्वी क्षेत्र ने सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत प्रगामी राजभाषा रिपोर्टों की विस्तृत समीक्षा की तथा उचित दिशा निर्देश दिये। बैठक का संचालन समिति के सदस्य सचिव पवन त्रिपाठी द्वारा किया गया। नालको, प्रद्रावक तथा विद्युत संकुल इस समिति की अध्यक्षता विगत 26 वर्षों से कर रहा है। ये समिति राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत है। बैठक के उपरांत सदस्य कार्यालयों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।
















# पारादीप में बोइत बंदाण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हुईं शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को ओड़िशा पारादीप में पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा आयोजित बोइत बंदाण समारोह में भाग लिया। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से एक मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क का उद्घाटन किया और साथ ही पोर्ट टाउनशिप के लिए नये जलाशय और जल उपचार संयंत्र और अगली पीढ़ी के जहाज यातायात प्रबंधन और सूचना प्रणाली की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने कहा कि हर वर्ष जावा, सुमात्रा, बाली आदि द्वीपों के लिए व्यापारियों की प्रतीकात्मक नाव यात्रा - बालीयात्रा की ऐतिहासिक स्मृतियों का स्मरण करना सराहनीय है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि बालीयात्रा अपने गौरवशाली अतीत की स्मृति में मनाया जाने वाला एक अनोखा त्योहार है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से मनाया जाने वाला यह त्यौहार ओड़िशा के समुद्री व्यापार की समृद्धि का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह ओड़िशा के लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को भी उजागर करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि समुद्र भारत के व्यापार, वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने का एक प्रमुख साधन रहा है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समुद्र पर आधारित साहित्य ने भी भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा और अन्य तटीय राज्यों में नौसैनिक वाणिज्य की एक लंबी और समृद्ध परंपरा थी। राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापार और वाणिज्य के अलावा उन व्यापारियों ने भारतीय कला और संस्कृति को विदेशों में फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

राष्ट्रपति ने कहा कि समुद्री व्यापार हमारे देश के व्यापार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के कुल व्यापार का मात्रा की दृष्टि से 95 प्रतिशत और मूल्य की दृष्टि से 65 प्रतिशत व्यापार समुद्री परिवहन के माध्यम से होता है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारत के बंदरगाहों को वैश्विक मानकों के अनुरूप अधिक दक्षता के साथ काम करने की आवश्यकता है। इसीलिए भारतीय बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने और उनकी दक्षता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सागरमाला कार्यक्रम इस दिशा में एक प्रशंसनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 'समृद्धि के लिए बंदरगाह' और 'प्रगति के लिए बंदरगाह' के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए काम कर रही है। राष्ट्रपति ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि पारादीप बंदरगाह की कार्गो प्रबंधन क्षमता पिछले दशक में दोगुनी हो गयी है। यह पूर्वी तट पर सबसे बड़ा बंदरगाह बनने की ओर अग्रसर है। ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट-2023 में इसे 'पोर्ट ऑफ ऑपरेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड' भी प्राप्त हुआ था।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज उद्घाटन किया गया मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क व्यापार के पारदर्शी विकास को एक नयी दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि पोत यातायात प्रबंधन और सूचना प्रणाली से सुसज्जित नए आधुनिक सिग्नल स्टेशन इस बंदरगाह के माध्यम से समुद्री यातायात को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बना देंगे।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**